राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत–गुजरात,संस्करण मंगलवार, 11 अक्टूबर 2022 वर्ष–5,अंक–255 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## मुलायम सिंह यादव का निधन

# गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में ली अंतिम सांस, किडनी-यूरिन इन्फेक्शन से जूझ रहे थे

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का सोमवार को निधन हो गया। 82 साल के मुलायम यूरिन इन्फेक्शन के चलते 26 सितंबर से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती थे। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के ट्विटर हैंडल पर मुलायम के निधन की जानकारी दी। सैफई में मंगलवार को मुलायम का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मुलायम को 2 अक्टूबर को ऑक्सीजन लेवल कम होने के बाद ढ्ढष्ट में शिफ्ट किया गया था। मेदांता के ष्क्रश्व ने बताया था कि मुलायम सिंह को यूरिन में इन्फेक्शन के साथ ही ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ गई थी। स्थिति में सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया था।



22 नवंबर 1939 को सैफई में जन्मे मुलायम सिंह यादव की पढ़ाई-लिखाई इटावा, फतेहाबाद और आगरा में हुई। मुलायम कुछ दिन तक मैनपुरी के करहल में जैन इंटर कॉलेज में प्राध्यापक भी रहे। पांच भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर मुलायम सिंह की दो शादियां हुईं। पहली पत्नी मालती देवी का निधन मई 2003 में हो गया था। अखिलेश यादव मुलायम की पहली पत्नी के ही बेटे हैं। उनके निधन पर राजनेताओं से लेकर आम लोगों तक ने दुख जताया है।

**तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री और सात बार सांसद रहे**

जवानी के दिनों में पहलवानी का शौक रखने वाले मुलायम सिंह ने 55 साल तक राजनीति की। मुलायम सिंह 1967 में 28 साल की उम्र में जसवंतनगर से पहली बार विधायक बने। जबकि उनके परिवार का कोई राजनीतिक बैकग्राउंड नहीं था। 5 दिसंबर 1989 को मुलायम पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। बाद में वे दो बार और प्रदेश के ष्टरू रहे। उन्होंने केंद्र में देवगौड़ा और गुजराल सरकार में रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली। नेताजी के नाम से मशहूर मुलायम सिंह सात बार लोकसभा सांसद और नौ बार विधायक चुने गए।

**उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में हमेशा अजेय रहे नेताजी**मोदी सुनामी में भी मैनपुरी में मुलायम धुरंधर ही साबित हुए। सपाई किले को कोई हिला भी नहीं सका। साल 2014 में मोदी लहर के दौरान भी मुलायम सिंह पराजित नहीं हुए थे। सियासत की कुश्ती में चार बार पहले जीत हासिल कर चुके मुलायम ने पांचवी बार भी जीत हासिल की। इसके साथ ही मैनपुरी में सपा की यह लगातार नौवीं लोकसभा जीत बन गई।

- 26 सितंबर 2022 को आखिरी बार चेकअप के लिए मुलायम सिंह यादव मेदांता गुरुग्राम पहुंचे थे। तब से वे आखिर तक वहीं भर्ती थे।
- 5 सितंबर 2022 को भी मुलायम सिंह को मेदांता में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था।
- 13 अगस्त 2022 को भी मुलायम सिंह यादव को मेदांता में भर्ती कराया गया था।
- 24 जून 2022 को रूटीन चेकअप के लिए मुलायम सिंह यादव मेदांता गए थे। तबीयत खराब होने पर उन्हें 2 दिन के लिए भर्ती किया गया था।
- 15 जून 2022 को भी मुलायम मेदांता में भर्ती हुए थे। जांच के बाद उन्हें उसी दिन डिस्चार्ज कर दिया गया था।
- 1 जुलाई 2021 को मुलायम सिंह यादव की तबीयत बिगड़ी थी, तब उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।
- अक्टूबर 2020 में मुलायम कोरोना पॉजिटिव भी हो गए थे, हालांकि उन्होंने वैक्सीन लगवाई थी।

## उज्जैन में महाकाल कारिडोर का कल उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी, तस्वीरें और वीडियो मन मोह लेंगी

**नई दिल्ली।** भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में एक उज्जैल में स्थित महाकालेश्वर मंदिर भी है। इस मंदिर की महिमा का वर्णन पुराणों में भी किया गया है। महाकवि कालिदास ने भी मंदिर को भावनात्मक रूप से समृद्ध किया है। एक समय था, जब उज्जैन भारतीय समय की गणना का केंद्रबिंदु हुआ करता था और महाकाल को उज्जैन का पीठासीन देवता माना जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाकाल कारिडोर का 11 अक्टूबर को उद्घाटन करेंगे, जिसके पहले चरण का काम पूरा हो गया है। दूसरे चरण का काम 2023-24 तक पूरा होगा।

**महाकाल कारिडोर से उज्जैन को मिलेगी नई पहचान**

महाकाल कारिडोर के बनने से धर्मनगरी उज्जैन को नई पहचान मिलेगी। भगवान शिव की जिन कथाओं का वर्णन महाभारत, वेदों और स्कंद पुराण के अवंतीखंड में मिलता है, वे कथाएं अब जीवंत हो उठेंगी। इसकी वजह यह है कि महाकालेश्वर मंदिर के नए बने महाकाल प्रांगण में इन कथाओं को दर्शाती हुई प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

**महाकाल प्रांगण में करीब 200 छोटी-बड़ी मूर्तियां**

हमारे देश के शिल्पकार सदियों से ऐसी मूर्तियां बनाते आ रहे हैं, जिसे देखकर दुनिया चकित रह जाती है। नवनिर्मित महाकाल प्रांगण में इसी श्रेष्ठता और गौरव को ध्यान में रखते हुए मूर्तियों को तैयार किया गया है। प्रांगण में छोटी-बड़ी करीब 200 मूर्तियां स्थापित की गई हैं। मूर्तियों को तैयार करने वाले कलाकारों ने पहले गहन शोध किया है। इनमें प्राचीनता और आधुनिकता दोनों का मिश्रण है।

**माला के 108 मनकों की तरह बने हैं 108 स्तंभ**–माला के 108 मनकों की तरह महाकाल प्रांगण में 108 स्तंभ बनाए गए हैं। इसकी वजह यह है कि सनातन धर्म में 108 अंक का बहुत महत्व है। इन पर भगवान भोलेनाथ और शक्ति के चित्र उकेरे गए हैं।

## मोमिनपुर में हिंसा व तोड़फोड़ के बाद बढ़ा तनाव, भाजपा नेता ने गृहमंत्री से मांगी मदद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल एक बार फिर से हिंसा और सांप्रदायिक तनाव की चपेट में है। यहां के मोमिनपुर इलाके में बीती रात दो समुदायों के बीच तनाव पैदा हो गया, इसके बाद जमकर हिंसा व तोड़फोड़ हुई। कई वाहनों व दुकानों को तोड़ा गया, जिसके बाद से पूरे इलाके में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इधर, सांप्रदायिक तनाव के बीच भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर केंद्रीय बल तैनात करने की मांग की है। जानकारी के तहत, मिलाद-उन-नबी के मौके पर दे रात मोमिनपुर के एकबालपुर में अचानक हिंसा फैल गई। यहां एक समुदाय के लोगों ने एकबालपुर थाने को घेर लिया। इसके बाद बेकाबू भीड़ ने सड़क पर खड़े वाहनों के अलावा आसपास की दुकानों में भी तोड़फोड़ की। कई जगहों पर पथराव व बम फेंकने की भी खबरें सामने आई हैं। इसके बाद पूरे इलाके में आरएएफ को तैनात कर दिया गया है।

**भाजपा का आरोप, कार्रवाई नहीं कर रही ममता सरकार**

मोमिनपुर में फैली हिंसा व तनाव के बाद भाजपा नेता डॉ. सुकांत मजूमदार ने अपने ट्विटर



हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में कई वाहन सड़क पर पड़े दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा है, एक शांतिप्रिय समुदाय द्वारा अपने त्योहार मिलाद-उन-नबी को मनाते हुए हिंदुओं की दुकानों व बाइकों को तोड़ा गया। हमेशा की तरह सीएम ममता बनर्जी ने कोई कार्रवाई नहीं की और उन लोगों को खुला छोड़ दिया।

## सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया; 5 दिन पहले शोपियां में 4 दहशतगर्द हुए थे ढेर

**जम्मू/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। यहां तंगपावा इलाके में सुरक्षाबलों ने दो आंतकियों को मार गिराया है। पुलिस और सुरक्षाबलों का जॉइंट ऑपरेशन अभी भी जारी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, अभी भी कुछ आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद रविवार शाम तंगपावा की तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान घेरा सख्त होने पर छिपे आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई से मुठभेड़ शुरू हो गई। अक्टूबर में अब तक 7 आतंकियों का एनकाउंटर किया गया है।

**जम्मू-कश्मीर के शोपियां में लश्कर और जैश के 4 आतंकी ढेर**

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 5 अक्टूबर को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 4 स्थानीय आतंकी मारे गए। शोपियां के द्राच इलाके में मंगलवार शाम से शुरू हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के 3 स्थानीय आतंकवादी मारे गए। इधर, मूलू में बुधवार तड़के शुरू हुई दूसरी



मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी को मार गिराया है।

द्राच इलाके में मारे गए दो आतंकवादियों की पहचान हनान बिन याकूब और जमशेद के तौर पर हुई है। ये दोनों पुलवामा के पिंगलाना में 1 अक्टूबर को SPO जावेद डार की हत्या और पुलवामा में 24 सितंबर को पश्चिम बंगाल के एक मजदूर की हत्या में शामिल थे।

**शोपियां में 2 अक्टूबर को 1 आतंकी मारा गया**

इससे पहले 2 अक्टूबर को शोपियां के बसकुचन इमामसाहिब इलाके में सुरक्षाबलों ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया और एक आतंकी को ढेर कर दिया था। उसकी पहचान नौपोरा बसकुचन शोपियां निवासी नसीर अहमद भट के तौर पर हुई थी। उसके पास से,च-47 राइफल, कई हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि वह कई आतंकी अपराधों में शामिल था और हाल ही में एक मुठभेड़ से भाग निकला था।

**घाटी में ऑपरेशन ऑल आउट जारी**

घाटी में ऑपरेशन ऑल आउट जारी है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में कुलगाम जिले के अहवातू में 27 सितंबर को सुरक्षाबलों जैश के दो आतंकियों को मार गिराया था। वहीं, 26 सितंबर की रात कुलगाम के वेस बटपोरा इलाके में एक आतंकी को मार गिराया था।

## दिल्ली के शराब घोटाले में तीसरी गिरफ्तारी, अभिषेक बोइनपल्ली को सीबीआई ने किया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शराब घोटाले में तीसरी गिरफ्तारी हो गई है। सीबीआई ने अभिषेक बोइनपल्ली को गिरफ्तार किया है। आरोपी अभिषेक रॉबिन डिस्ट्रीब्यूशन फर्म से जुड़ा हुआ है और शराब घोटाले के लिए फर्म के इस्तेमाल का आरोप है।

इससे पहले आम आदमी पार्टी से जुड़े कारोबारी विजय नायर और शराब कारोबारी समीर महेंद्रू को अरेस्ट किया जा चुका है। दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले की सीबीआई और ईडी जांच कर रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपी नंबर एक बनाया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी की भी आशंका जता चुके हैं। हालांकि, उन्होंने सिसोदिया का बचाव करते हुए कहा है कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है।



**इससे पहले आम आदमी पार्टी से जुड़े कारोबारी विजय नायर और शराब कारोबारी समीर महेंद्रू को अरेस्ट किया जा चुका है। दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले की सीबीआई और ईडी जांच कर रही है।**

## भाजपा की कोलकाता हिंसा पर केंद्रीय गृहमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी ने कोलकाता हिंसा पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से फौरन हस्तक्षेप करने की मांग की है। यह हिंसा अल्पसंख्यकों के प्रोफेट मोहम्मद नबी की जयंती पर राजधानी कोलकाता के इकबालपुर थाना अंतर्गत मोमिनपुर इलाके में हुई है। यहां रविवार तड़के शुरू हुई हिंसा देरसात तक नहीं थमी। रात 09 बजे हालात बिगड़ गए और इस हिंसा में कई लोग घायल हुए। कुछ झोपड़ानुमा घरों में आग भी लगा दी गई।

कोलकाता पुलिस के संयुक्त आयुक्त (अपराध) मुरलीधर शर्मा ने रात को कहा है कि हम लोग घटनास्थल पर मौजूद हैं और हालात काबू करने की कोशिश जारी है। उधर, प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग छतों से आसपास के बहुसंख्यक समुदाय के घरों पर पेट्रोल बम फेंक रहे हैं। एक झोपड़ी में आग लग गई है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें इस्लामी झंडा लिए सैकड़ों लोग थाने के अंदर घुसकर हंगामा कर रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने ट्विटर पर केंद्रीय गृहमंत्री को टैग करते हुए लिखा है कि इकबालपुर थाना उग्रवादियों के कब्जे में है। ममता बनर्जी की पुलिस थाना छोड़कर डरकर भाग चुकी है। मुख्य सचिव और कोलकाता पुलिस के वश में नहीं है तो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की जानी चाहिए। गृह मंत्रालय फौरन हस्तक्षेप करे।

प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष का कहना हैं कि खिदिरपुर मोमिनपुर इलाके में हिंदुओं पर बर्बर हमलों की रिपोर्ट लगातार मिल रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, गृह मंत्रालय और प्रधानमंत्री दफ्तर के साथ राष्ट्रपति भवन को भी ट्विटर पर टैग करते हुए घोष ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष रथिंद्र नाथ बोस ने 1946 की द ग्रेट कलकत्ता किलिंग से इस घटना को जोड़ते हुए लिखा है कि 1946 में भी लक्ष्मी पूर्णिमा के दिन नोआखली में बर्बर दंगे हुए थे और आज एक बार फिर कोलकाता पुलिस आयुक्त, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मेयर फिरहाद हकीम (स्थानीय विधायक) की देखरेख में लक्ष्मी पूजा के दिन हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है।

**● नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने ट्विटर पर केंद्रीय गृहमंत्री को टैग करते हुए लिखा है कि इकबालपुर थाना उग्रवादियों के कब्जे में है। ममता बनर्जी की पुलिस थाना छोड़कर डरकर भाग चुकी है।**

# पुरानी दिल्ली में इमारत गिरी, बच्ची सहित तीन की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बारिश का सिलसिला जारी है। रविवार को कई जगह बारिश का कहर देखने को मिला। पुरानी दिल्ली के फराश खाना इलाके में एक तीन मंजिला इमारत भरभराकर ढह गई। जिसमें तीन लोगों की मौत जबकि आठ घायल हो गए हैं। वहीं गुरुग्राम में तालाब में छह बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मरने वाले बच्चों की उम्र आठ साल से 13 साल के बीच है।


**जर्जर इमारत ढही**

जर्जर इमारत के गिरने से चार साल की बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। रेस्क्यू टीम ने मलबे से दो और शव निकाले हैं। मृतकों की पहचान चार साल की खुशी, 75 साल के सुलेमान और 70 साल की शगुफ्ता के तौर पर हुई है। हादसे में आठ लोग घायल हैं जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। एनडीआरएफ, कैट्स, डीडीएमए, दमकल और स्थानीय पुलिस मलबा हटाने का काम कर रही हैं।

**बचाव कार्य में बाधा बनी बारिश**

डीसीपी श्वेता चौहान ने बताया कि अस्पताल में बच्ची खुशी को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, आठ घायलों को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया है। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने मलबे से दो और शव बाहर निकाले। पुरानी दिल्ली की तंग गलियों में इमारत ढहने की सूचना मिलने पर बचाव एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। लेकिन लगातार हो रही बारिश और तंग गलियों की वजह से बचाव कार्य में बाधा आ रही थी।

**आंख के सामने बेटी ने दम तोड़ा**





दरअसल, हादसे में घायल सुखबीर अपनी बेटी खुशी के साथ इमारत के बगल से गुजर रहा था, तभी पूरा मलबा उनपर आ गिरा। सुखबीर की गोद में बच्ची थी और दोनों मलबे में दब गये। जब तक लोगों ने निकाला बच्ची की मौत हो चुकी थी। हादसे में दो राहगीर अंकित और अशोक भी घायल हुए हैं। दोनों हादसे के वक्त इमारत के नीचे से गुजर रहे थे। इसके अलावा घायल अमारा, नीलोफर, इमरान, सरकार बेगम और सैयदजीशान हादसे की शिकार इमारत में रहते हैं। फिलहाल सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**बरसाती तालाब में डूबे छह बच्चे**

गुरुग्राम के बजघेड़ा गांव के पास रविवार शाम छह एकड़ जमीन पर बने तालाब में नहाने गए छह बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सभी बच्चे शंकर विहार कॉलोनी के रहने वाले और आपस में दोस्त थे। इन बच्चों की उम्र आठ साल से 13 साल के बीच है। घटना की सूचना मिलने पर रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, गुरुग्राम पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू के लिए पंप मंगवाएं गए। लगभग चार घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी छह बच्चों के शव को बाहर निकाला गया।

**सात बच्चे गए थे नहाने**

जानकारी के अनुसार, आठ साल से 13 की उम्र के सात बच्चे बजघेड़ा गांव के पास खाली जमीन पर बने तालाब में नहाने के लिए गए थे। इस दौरान छह बच्चे कपड़े उतार कर तालाब में नहाने के लिए कूद गए, जबकि एक बच्चा नहाने नहीं गया। बच्चों को डूबता देखकर वो जोर से चिल्लाता हुआ पास में खड़े गार्ड के पास गया और उसे घटना की सूचना दी। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## मुलायमजी और अटलजी

(लेखक-डॉ. वेदप्रताप वैदिक)

मुलायमसिंहजी और अटलजी से मेरा 55-60 साल पुराना संबंध रहा है। मेरे पिताजी श्री जगदीशप्रसाद वैदिक अटलजी से भी ज्यादा घनघोर जनसंघी थे। जनसंघ और संघ के सारे अधिकारी इंदौर में मेरे घर को अपना ठिकाना ही समझते थे। लेकिन 1962 में इंदौर के छात्र नेता के तौर पर मैंने डॉ. राममनोहर लोहिया को अपने इंदौर क्रिश्चियन कॉलेज में भाषण के लिए बुलवा लिया। उनके भाषण का प्रभाव मुझ पर इतना गहरा हुआ कि मैं उनके अंग्रेजी हटाओ आंदोलन से जुड़ गया। मैं किसी राजनीतिक दल का कभी सदस्य नहीं बना लेकिन हिंदी आंदोलन में 12 साल की उम्र में ही पहली बार गिरफ्तार हुआ। उधर उप्र में मुलायमसिंह 15-16 की उम्र में गिरफ्तार हुए। जब हम मिले तो दोनों का संबंध अत्यंत घनिष्ट हो गया। अब से लगभग 20 साल पहले 28 फरवरी 2002 की बात है7 दिल्ली का हैदराबाद हाउस, जहां प्रधानमंत्री की दावतें होती हैं। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई के सम्मान में दावत थी। करजई के पिता अहद साहब काबुल में मेरे मित्र बन गए थे। जैसे ही अतिथिगण भोज-कक्ष में घुसे, प्रधानमंत्री से आमना-सामना हुआ। मैंने पूछा 'करजई' को हमने क्या-क्या दिया? वे बोले 'ये बात तो बाद में हो जाएगी, पहले यह बताइए कि लखनऊ में क्या किया जाए?' उन दिनों यह असमंजस बना हुआ था कि उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री किसे बनाया जाए? मैंने कहा 'मुलायम सिंहजी को।' अटलजी ने कहा- 'ठीक है, पहले प्रेम से भोजन कीजिए और फिर बताइए।' भोजन के बाद सभी अतिथि विदा होने के लिए द्वार के पास नीचे जमा हो गये। प्रधानमंत्री अटलजी ने फिर पूछा 'तो क्या सोचा आपने?' मैंने कहा- 'तर्क वही है, जो आपके लिए दिया गया था। सबसे बड़ी पार्टी के नेता को राष्ट्रपति ने बुला लिया, प्रधानमंत्री की शपथ के लिए। लखनऊ में मुलायमसिंह की समाजवादी पार्टी भी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री भी उन्हें ही बनाया जाना चाहिए।'' इतने में पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र गुजराल हम दोनों के एक दम निकट आ गए। अटल जी ने गुजराल साहब से पूछा- 'आपकी क्या राय है?' उन्होंने कहा- 'वैदिकजी जो कह रहे हैं, वह बिल्कुल सही है।' अटलजी ने तपाक से कहा- 'सही हो सकता है लेकिन आप दोनों मुलायमसिंह का समर्थन इसलिए कर रहे हैं कि वे आप दोनों के दोस्त हैं।' इस चुटकी पर सब हंस दिए। यह वार्तालाप अलग-बगल खड़े कई मंत्री सुन रहे थे। उनमें से एक ने कहा- 'भगवन! प्रधानमंत्री जी को यह आप क्या सलाह दे रहे हैं?' मुख्यमंत्री मुलायम पहले दिन ही हमें अंदर कर देंगे। उन्होंने शंकराचार्य को पकड़ लिया, वह हमें क्यों बख्शेंगे?' मैंने कहा,- 'यह जरुरी नहीं। यह भी संभव है कि अटलजी लखनऊ में मुलायमसिंह के गठबंधन को चलने दें और मुलायमसिंहजी दिल्ली में अटलजी के गठबंधन को चलने दें।' अगर उसी समय यह बात मान ली जाती तो संवैधानिक परंपरा की रक्षा तो होती ही, डेढ़ साल तक भाजपा को बहुजन समाज पार्टी के कचरे को अपने कंधे पर नहीं ढोना पड़ता।

# इंसानी अतीत के रहस्य तलाशने पर नोबेल

**नोबेल पुरस्कार समिति ने भी कहा कि पाबो ने इस मानव विकास की महत्वपूर्ण खोज से हमारी प्रतिरोधक प्रणाली को महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की है। जो लुप्तप्राय- मानव के पूर्वजों की तुलना में हमें विलक्षण बनाता है। पाबो द्वारा नई तकनीक के विकास का नेतृत्व करके मनुष्य के जीनोम तथा निएंडरथल व डेनिसोवन्स के दूसरे होमिनिनो की विज्ञानसम्मत तुलना का मार्ग प्रशस्त किया गया है। इसी असाधारण शोध के लिये ही उन्हें इस साल के चिकित्सा विज्ञान के नोबेल पुरस्कार के लिये चुना गया।**



अरुण नैथानी

यह नोबेल पुरस्कारों की घोषणा का मौसम है। हर साल होता है। लेकिन चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में स्वीडन के स्वांते पाबो को मिला नोबेल पुरस्कार खासा चर्चा में है। दरअसल मानव के क्रमिक विकास पर एक महत्वपूर्ण खोज के चलते ही यह सम्मान उन्हें मिला है। यह सुखद संयोग है कि एक नोबेल पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिक के लायक बेटे को यह अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। पाबो के पिता सुने बर्गस्ट्राम को 1982 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार मिला था। दरअसल, पाबो व उनकी टीम द्वारा मनुष्य के डीएनए को हजारों वर्षों तक संरक्षित रखे जा सकने तथा उससे नई जानकारी हासिल करने की पद्धति विकसित करने को इस पुरस्कार से मान्यता मिल पायी है। वास्तव में पाबो के शोध ने हमारे अतीत के बारे में सवालों के जवाब का बिलकुल नया तरीका खोजा है। दरअसल, पाबो ने आधुनिक मनुष्य व हमारी लगभग लुप्तप्राय: निएंडरथल और डेनिसोवंस के जीनोम के तुलनात्मक अध्ययन के लिये सार्थक नेतृत्व प्रदान किया। साथ ही निष्कर्ष दिया कि इन प्रजातियों में कुछ साम्य है। नोबेल पुरस्कार समिति ने भी कहा कि पाबो ने इस मानव विकास की महत्वपूर्ण खोज से हमारी प्रतिरोधक प्रणाली को महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की है। जो लुप्तप्राय- मानव के पूर्वजों की तुलना में हमें विलक्षण बनाता है। पाबो द्वारा नई तकनीक के विकास का नेतृत्व करके मनुष्य के जीनोम तथा निएंडरथल व डेनिसोवन्स के दूसरे होमिनिनो की विज्ञानसम्मत तुलना का मार्ग प्रशस्त किया गया है। इसी असाधारण शोध के लिये ही उन्हें इस साल के चिकित्सा विज्ञान के नोबेल पुरस्कार के लिये चुना गया। नोबेल पुरस्कार विजेता सुने बर्गस्ट्राम के घर में 1955 में जन्मे स्वांते पाबो फिलहाल लीपजिग में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर इवोल्यूशनरी एंथ्रोपोलॉजी के निदेशक हैं। वर्ष 1986 में उन्होंने पीएचडी की डिग्री हासिल की। कालांतर इंस्टीट्यूट फॉर मॉलिक्यूलर बायोलॉजी में शोध कार्य शुरू किया। म्यूनिख विश्वविद्यालय में किये गये शोध के लिये ही उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला है। जिसमें उन्होंने प्रागैतिहासिक काल में मानव विकास की वास्तविकता से आधुनिक दुनिया को अवगत कराने का श्रमसाध्य कार्य किया है। जिससे विलुप्त प्रजातियों व आधुनिक मानव के जीनोम की तुलना संभव हो पायेगी। निस्संदेह, सदा से मानव के लिये अपने अस्तित्व के विकास क्रम को समझना कौतूहल का विषय रहा है। यही वजह है कि पाबो के शोध कार्य की दुनिया में इतनी चर्चा है। जो चिकित्सा विज्ञान के बाजार में एक बड़ी घटना के तौर पर देखी जा रही है। निस्संदेह, यह खोज मानव विकास की प्रक्रिया को समझने के लिये बेहद महत्वपूर्ण है। जो मनुष्य की प्रतिरक्षा प्रणाली के अध्ययन के लिये नई महत्वपूर्ण दृष्टि देती है। दरअसल, निएंडरथल की हड्डियों को सर्वप्रथम उन्नीसवी सदी में खोजा गया था। जिनके डीएनए अनलॉक करके वैज्ञानिकों ने इन प्रजातियों के बीच संबंधों को समझने का प्रयास किया। जिसमें वह समय भी शामिल रहा जिसमें आधुनिक मनुष्य व निएंडरथल एक प्रजाति के रूप में अलग हो गये। दरअसल, पिता सुने बर्गस्ट्राम हमेशा पाबो के प्रेरणास्रोत रहे हैं। उनके काम में पाबो की गंभीर रुचि रही है। पिता की वह सीख हमेशा पाबो के लिये प्रेरक रही, जिसमें वे कहा करते थे कि महान पुरस्कार जीतने वाले भी साधारण मानव ही होते हैं। इसलिए आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिये खुद को चुनौती दें। वास्तव में यह शोध बताता है कि कैसे हम अपने पूर्वजों से जेनेटिक तौर पर अलग हुए। साथ ही इससे हमारे इम्यून सिस्टम के इतिहास व उसके विकास क्रम की जानकारी मिलती है। जो बताता है कि हजारों साल तक निएंडरथल व होमो सोपियंस साथ-साथ रहे। कालांतर दोनों की संततियों में दोनों के जीन मिश्रित हुए। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि आधुनिक मानव शरीर में पाये जाने वाले जीन्स निएंडरथल मानवों से ही आये। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्हीं जीन की क्षमता पर हमारा इम्यून सिस्टम काम करता है। मसलन, कोरोना जैसे वायरस से हमारे शरीर की प्रतिरोधी क्षमता इसी जीन की वजह से तैयार हुई। विश्वास जताया जा रहा है कि इस शोध के बाद अब हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि तिब्बती लोग डेनिसोवन्स मानवों के जीन शेयर करते हैं। तभी वे इतनी ठंडी जगह पर रहने की क्षमता विकसित कर पाये हैं। साइबेरिया की गुफा में मिली अंगुली की हड्डी से पाबो यह शोध कर पाये। निस्संदेह चालीस हजार साल पुरानी एक छोटी हड्डी से डीएनए खोज निकालना दुष्कर कार्य ही है। जो 19वीं सदी के मध्य में खोजी निएंडरथल की अस्थियों की डीएनए संरचना का पता लगाकर एक मायने में मानव जीवन के कोड तलाशती है, जो कालांतर मनुष्य जीवन से जुड़े नये शोध की आधारशिला बनेगी। सही मायनों में यह खोज विलुप्त प्रजातियों व आधुनिक मानव के बीच के सामान्य से अंतर के जरिये हमारे शरीर व मस्तिष्क विकास के तरीके को लेकर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। निस्संदेह यह डीएनए सीक्वेंसिंग की खोज मानव इतिहास के बारे में हमारी सोच को नया रूप देती है, जिसके बारे में अब तक धारणा थी कि यह कार्य असंभव है। जिसका श्रेय स्वीडिश जेनेटिस्ट स्वांते पाबो को जाता है। उल्लेखनीय है कि जर्मनी में निएंडर की घाटी में मिली आदिमानव की कुछ हड्डियों के आधार पर इनका नाम निएंडरथल मानव रखा गया था। जो सामान्य मनुष्य के मुकाबले छोटे कद के होते थे। निस्संदेह, इस शोध से मानव के क्रमिक विकास को विज्ञानसम्मत ढंग से समझने में मदद मिलेगी।

## आज का राशीफल

आज का राशीफल

| | |
|---|---|
| मेष | पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। आपके वर्चस्व तथा प्रभाव में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। |
| वृषभ | जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रुके हुए कार्य सम्पन्न होंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। |
| मिथुन | प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। आर्थिक लाभ होगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। |
| कर्क | पारिवारिक जनों के मध्य सुखद समाचार मिलेगा। रोजी रोजगार के प्रयास सफल होंगे। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। |
| सिंह | व्यावसायिक योजना सफल होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। वाणी की सौम्यता से रुके हुए कार्य सम्पन्न होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। |
| कन्या | जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। |
| तुला | पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है। |
| वृश्चिक | आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। व्यावसायिक दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। विरोधियों का पराभव होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है। |
| धनु | पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। |
| मकर | राजनैतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। व्यावसायिक व पारिवारिक समस्याएं रहेंगी। आर्थिक संकट से गुजरना होगा। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलायेगी। |
| कुम्भ | बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। टकराव की स्थिति आपके लिए हितकर नहीं होगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। धन आगमन होगा। कुटुम्बजनों का सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। |
| मीन | कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। भारी व्यय का सामना करना पड़ेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। |

# राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

(लेखक - विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन)

समाज में जितना योगदान एक पुरुष का होता है उससे कहीं ज्यादा एक स्त्री की सहभागिता होती है भले ही वह अप्रत्यक्ष रूप से हो। हमारे समाज में लड़कियों और लड़कों में अंतर को लेकर बहुत भेदभाव होते हैं हालांकि अगर केवल लैंगिक भिन्नता छोड़ दी जाए तो ईश्वर ने महिला और पुरुष दोनों को समान बनाया है। लेकिन समाज में लड़कियों को लेकर व्याप्त निम्न स्तरीय भावनाएं लड़कियों के विकास के लिए सदैव बाधक बन जाती हैं जिससे समाज में ना ही उन्हें उनका अधिकार और स्थान मिल पाता है और ना ही उनका सामाजिक विकास हो पाता है।

भले ही समय के साथ सोच में लड़कियों को लेकर आधुनिक परिवर्तन ने जन्म लिया है लेकिन आज भी बहुधा समाज में उन्हें उनका सम्मानित दर्जा नहीं मिल पाता जहां वह अपने लिए निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र रहे और सामाजिक गतिविधियों में समान रूप से भागीदारी कर सकें।

बालिकाओं के सामाजिक विकास के उत्थान के लिए आज देश-विदेश में लड़कियों को प्रोत्साहित कर समाज में उन्हें उनका वास्तविक दर्जा दिलाने के लिए विभिन्न प्रकार के अभियान और कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिनके माध्यम से समाज के भीतर संचालित प्रत्येक गतिविधि में उनकी समान सहभागिता सुनिश्चित की जाती है।

**इतिहास एवं महत्व**

राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरुआत 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा इसकी शुरुआत की गई। यह हर वर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन राष्ट्र शिशु दिवस के नाम से भी जाना जाता है। समाज में बालिकाओं के विकास एवं अधिकारों के प्रति फैली असमानता को दूर करने और लड़कियों के अधिकारों की रक्षा करने लिये जागरुकता अभियान चलाया जाता है। इसका प्रमुख है इसी दिन भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपना पदभार संभाला था। इस दिन को नारी सशक्तिकरण के दिवस के रुप में भी जाना जाता है। भारत सरकार के महिला व बाल विकाल मंत्रालय द्वारा इसकी शुरुआत की गई थी।

**उद्देश्य -**

बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण करना है ताकि उन्हें अपनी आवश्यकताओं और आत्मरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर ना होना पड़े। समाज में लड़कियों के साथ होने वाली लैंगिक असमानताओं को खत्म करने के लिए पुरुष वर्ग और संपूर्ण समाज को जागरूक करना ताकि बालिकाओं को समाज में उनका उचित अधिकार मिल सके। बालिकाओ की उच्च शिक्षा, पोषण और कानूनी अधिकार के लिए प्रयास करना।

बालिकाओ के हो रहे शोषण, हिंसा, एवं भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न और बाल विवाह जैसे चीजों के खिलाफ आवाज उठाना और महिलाओं के बारे में मानी जाने वाली रूढ़िवादी परंपराओको खत्म करना। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 11 अक्टूबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत सन 2012 से हुई प्रथम अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 11 अक्टूबर 2012 को मनाया गया जिसकी आधिकारिक घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। अंतरराष्ट्रीय दिवस पर यह दिन प्रतिवर्ष विश्व भर में मनाया जाता है जिसके अंतर्गत महिला सशक्तिकरण और उनके उत्थान से जुड़े विषयों पर अभियान चलाए जाते हैं ताकि उनका उचित सामाजिक विकास हो सके और पुरुषों की भांति वे भी समान रूप से समाज में और उसकी प्रत्येक गतिविधि में अपनी भूमिका निभा सके।

**शुरुआत का इतिहास**

पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बालिका दिवस मनाने की शुरुआत कनाडा के एक गैर- सरकारी संगठन 'ग्लोबल चिल्ड्रेन चैरिटी' द्वारा की गई।

इस संगठन ने लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा, बेहतर चिकित्सक सुविधा और कानूनी अधिकार जैसी जरूरतों के लिए 'क्योंकि मैं लड़की हूं' नामक अभियान चलाया इस संगठन ने इस अभियान को इंटरनेशनल रूप में चलाने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाई तथा कनाडा के फेडरल सरकार से आग्रह किया। कनाडा की सरकार ने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र सभा में उठाया जिसके बाद संयुक्त राष्ट्र सभा ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित कर दिया।

इसी बीच कनाडा की महिलाओं और लड़कियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने 55 वें संयुक्त राष्ट्र आयोग में समाज में महिलाओं की स्थिति पर इस पहल के बारे में अपनी प्रतिक्रियाएं दी उन्होंने इसका समर्थन किया, और इसे कनाडा की महिला विकास मंत्री रोना एम्ब्रोस द्वारा प्रायोजित किया गया।

उनके इस प्रयास से सन 2011 में दिसंबर महीने की 19 तारीख को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने औपचारिक रूप से 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की घोषणा कर दी के बाद साल 2012 से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। मुझे संसार में आने दो ना।

**सुविचार -**

स्त्री सबसे शक्तिशाली होती है, स्त्री साक्षात दुर्गा का अवतार होती है जिसे ऊर्जा का सृजन और स्वरूप माना जाता है।

जो स्त्री संसार की सबसे अधिक पीड़ादायक प्रसव पीड़ा सहन कर सकती है उसे संसार की कोई भी विपत्ति कमजोर नहीं बना सकती।

अगर किसी परिवार में एक लड़की को शिक्षित किया जाए तो आने वाली सभी पीढ़ियां शिक्षित होंगे।

एक लड़की के उज्जवल भविष्य का अस्तित्व उसकी लैंगिक विषमता से कभी प्रभावित नहीं हो सकता। बल्कि यह लैंगिक विषमता तो उसकी एक अलग विशेष पहचान का प्रतिनिधित्व करती है।

विचार मंथन

# 23 फ़ीसदी मध्यम श्रेणी के परिवारों का बढ़ा महंगे कर्ज का बोझ

(लेखक-सनत कुमार जैन)

माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 6 करोड़ से भी अधिक कर्जधारकों के, लगभग 12 करोड़ लोन खातों में जून 2022 तक 2.93 लाख करोड़ रुपए का लोन दिया गया है। 30 जून 2021 को यह राशि 2.37 लाख करोड़ थी। 2021 की तुलना में 23 फ़ीसदी लोन निम्न उच्च वर्ग एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का बढ़ गया है। जिनकी आय वार्षिक 3 लाख रुपए से कम है। यह आंकड़े माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क के हैं। बैंकों का कर्ज इससे अलग है। पिछले कुछ वर्षों से माइक्रोफाइनेंस कंपनियों का कर्ज आम आदमियों पर तेजी के साथ बढ़ रहा है। इसका ब्याज आमतौर पर बैंक ब्याज दर की तुलना में लगभग लगभग 25 से 50 फ़ीसदी महंगा होता है। समय पर किस्त नहीं भरने पर भारी जुर्माना वसूल किया जाता है। वसूली एजेंट वसूली करने के लिए घर - घर जाकर दबाव, डर दहशत से किस्तें बसूलते हैं। 1 साल में नॉन बैंकिंग कंपनियों से लोन लेने वालों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। नॉन बैंकिंग कंपनियों के लोन बिजनेस में पिछले 1 साल की तुलना में 38.4 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक के अनुसार माइक्रो फाइनेंस लोन एक कैसा कर्ज है। जिसमें कोई भी सिक्योरिटी और जमानत नहीं देनी पड़ती। यह लोन उन परिवारों को दिया जाता है। जिनकी आय 3 लाख रुपये वार्षिक से कम होती है। बैंकों लोन के डिफाल्टर ज्यादा संख्या में होने के कारण बैंकों की पर्सनल लोन में भागीदारी पिछले वर्ष में घटी है। वहीं एनबीएफसी कंपनियों का लोन तेजी के साथ मध्यमवर्गीय परिवारों पर बढ़ रहा है। 30 जून 2021 से लेकर 30 जून 2022 की स्थिति में एनबीएफसी कंपनियों का लोन 36.3 फ़ीसदी बढ़ा है।वहीं बैंकों का मात्र 9.9 फ़ीसदी बढ़ा है। स्मॉल फाइनेंस बैंक का लोन 28.5 फ़ीसदी बढ़ा है। उच्च निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर कर्ज लगातार बढ़ रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है, कि ग्रामीण अंचलों में भी लोन की मांग बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। ग्रामीण अंचलों की आर्थिक स्थिति शहरी अंचल की तुलना में पूर्व में बेहतर होती थी। आय की तुलना में ग्रामीण अंचलों के खर्च सीमित होते थे। जिसके कारण अर्थव्यवस्था में ग्रामीण अंचलों की भागीदारी बचत के रूप में सबसे ज्यादा होती थी। लेकिन अब यही वर्ग बड़ी तेजी के साथ कर्जे में डूब रहा है। पिछले कुछ वर्षों में महंगाई और बेरोजगारी के कारण शहरी एवं ग्रामीण अंचलों के निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों में कर्ज का बोझ बढ़ता ही जा रहा है। पिछले वर्षों में जिस तरह से मध्यम एवं निम्न परिवारों में कर्ज लेने वालों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ती ही जा रही है। उनकी बचत खत्म हो गई है। वह कर्ज के सहारे जीने के लिए विवश हैं। बैंक मे एनपीए होने के मामले भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। नॉन बैंकिंग कंपनियों की महंगी ब्याज दर पर लोन लेने के बाद जिस तरह से लोन की वसूली होती है। उससे कई लोगों की आत्महत्या करने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। इसी तरह कर्ज को लेकर किसान, व्यापारी,युवाओं में आत्महत्या करने की प्रवृत्ति बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। कर्ज के बोझ से दबे लोग मानसिक रोगों के शिकार हो रहे हैं। कर्ज के बोझ से दबे मानसिक रोग के शिकार कई परिवारों के मुखिया ने बच्चों और पत्नी सहित आत्महत्या करने के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं। भारत में कर्ज लेकर खर्च करना सबसे बुरा माना जाता था। लेकिन पिछले दो दशकों में कर्ज लेकर खर्च करने की प्रवृत्ति ने आम आदमी का जीवन मुश्किल में डाल दिया है। कर्ज अब स्टेट्स को बढ़ाता है। दिखावे की होड़ ने आम आदमी के जीवन को संकट में डाल दिया है। परिवारों में आर्थिक कारणों से तनाव बढ़ गया है।आमदनी सीमित हो गई है। खर्च बढ़ते ही जा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में केन्द्र एवं राज्य सरकार और स्थानीय संस्थाओं द्वारा टैक्स और अन्य शुल्क तेजी के साथ बढ़ाए हैं।

बिजली, स्कूल - कॉलेज की फीस, सार्वजनिक परिवहन और रेलवे की टिकट के बढ़ते दाम, निरंतर बढ़ रही महंगाई ने 24 घंटे घरों के अंदर तनाव पैदा कर दिया है। ऐसी स्थिति में माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की कमाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। लेकिन आम आदमी की कर्ज और मंहगे ब्याज के कारण परेशानियां तेजी के साथ बढ़ रही हैं। इस तथ्य पर ध्यान देने की जरूरत है।

## आईडीबीआई में बोली लगाने पहले चरण में सुरक्षा मंजूरी लेनी होगी

**नई दिल्ली ।** सरकार ने आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी खरीद के लिए बोलियां लगाने वाले संस्थानों के लिए पहले चरण में गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया है। अभी तक केंद्रीय नियंत्रण वाले सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) के निजीकरण की प्रक्रिया में शामिल होने वाली बोलीदाता कंपनियों के लिए दूसरे चरण में सुरक्षा मंजूरी लेने की बाध्यता होती थी। इस अनिवार्यता के बाद रुचि पत्र (ईओआई) दायर करने के दौर में पात्र पाई जाने वाली कंपनियों को वित्तीय बोलियां लगाने के समय गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी लेनी होगी। सार्वजनिक परिसंपत्तियों के विनिवेश का नियमन करने वाले निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने यह जानकारी दी। दीपम ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक से उचित एवं उपयुक्त आकलन पाने वाले और गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी पाने वाले बोलीकर्ता ही इस हिस्सेदारी खरीद के लिए पात्र रुचि पक्ष (क्यूआईपी) के रूप में अधिसूचित किए जाएंगे। सरकार इस बोली प्रक्रिया की मदद से आईडीबीआई बैंक में अपनी और एलआईसी के पास की कुल 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री करने की तैयारी में है। दीपम ने पिछले हफ्ते इसके लिए संभावित बोलीकर्ताओं से ईओआई आमंत्रित किए थे। इच्छुक कंपनियां 16 दिसंबर तक बोली लगा सकती हैं।

## ऑलकार्गो को कारोबार में सालाना 15 फीसदी बढ़ने की उम्मीद

**मुंबई।** लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का ऑलकार्गो समूह अपनी कारोबारी संभावनाओं को लेकर आशावादी है और उसे सालाना वृद्धि औसतन 15 फीसदी रहने का अनुमान है। ऑलकार्गो के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि कंपनी अगले तीन-चार साल में वैश्विक लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की शीर्ष दस कंपनियों में शुमार होने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी ने हाल ही में निवेशकों के समक्ष अपने प्रस्तुतिकरण में कहा है कि वर्ष 2026 तक कारोबार का आकार बढ़ाकर 25,000 से 30,000 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से 20,000-25,000 करोड़ रुपए का राजस्व अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति कारोबार से और 2,700-3,500 करोड़ रुपए कंपनी के एक्सप्रेस और अनुबंध लॉजिस्टिक्स क्षेत्र से पाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा` कि आगामी वर्षों में कारोबारी संभावनाओं को लेकर हम आशावादी हैं। इन कारोबार में वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। आज हम विश्व की शीर्ष 20 लॉजिस्टिक्स कंपनियों में शामिल हैं और आगामी तीन से चार वर्षों में शीर्ष 10 में आ सकते हैं।

## सिंपल एनर्जी करेगी नए इलेक्ट्रिक स्कूटर को लॉन्च

**-सिंगल चार्ज में 200 किमी से ज्यादा दौड़ेगी स्कूटर**

**नई दिल्ली ।** सिंपल एनर्जी कंपनी अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर को लॉन्च करने पर काम कर रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि कंपनी अक्टूबर या दिसंबर में इसको लॉन्च कर सकती है। कंपनी के फाउंडर और सीईओ सुहास राजकुमार ने एक इंटरव्यू में बताया था कि इस ई-स्कूटर की टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। यह हमारे मौजूदा परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड सिंपल वन ई-स्कूटर के मुकाबले ज्यादा किफायती स्कूटर होगा। नया स्कूटर पूरी तरह से एक नया मॉडल होगा। इसे एक नए प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि नया स्कूटर मौजूदा मास-मार्केट प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले अधिक किफायती होगा।इस स्कूटर को आप किस मोड में चला रहे हैं इससे गाड़ी की रेंज तय होती है। अगर आप ईको मोड में इसे चला रहे हैं तो आपको 236 किमी तक की रेंज मिलती है, लेकिन इसकी रफ्तार 45 किमी/घंटा तक सीमित हो जाती है। अगर आप सॉनिक मोड में चला रहे हैं तो 105 किमी/घंटा की रफ्तार मिलती है, लेकिन इसकी रेंज घटकर कुछ 100.105 किमी तक रह जाती है। एक और दिलचस्प मोड आपको यहां मिलता है जिसे आसान भाषा में रिवर्स गियर कहा जाता है। कंपनी ने अपने पहले स्कूटर सिंपल वन में बैटरी सेटअप थोड़ा हटकर दिया था। सिंपल वन इलेक्ट्रिक स्कूटर में 3.2 केडब्ल्यूएच फिक्स्ड बैटरी पैक और 1.6 केडब्ल्यूएच रिमूवेबल मॉड्यूल मिलती है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई ।**

मुम्बई शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में यह गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने के कारण आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 200.18 अंक करीब 0.34 फीसदी नीचे आकर 57,991.11 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 73.65 अंक तकरीबन 0.43 फीसदी नीचे आकर 17,241 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से एशियन पेंट्स, आईटीसी, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, नेस्ले और एचडीएफसी बैंक के शेयर सबसे ज्यादा गिरे जबकि दूसरी ओर एक्सिस बैंक, टीसीएस, मारुति, विप्रो, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में लाभ के साथ ही उछाला आया है।

वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग नीचे आया है जबकि अमेरिकी बाजार भी गत दिवस गिरावट के साथ बंद हुए थे। वहीं इसी बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.80 फीसदी की गिरावट के साथ ही 97.14 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



## गूगल ने पिक्सल सीरीज के 3 करोड़ स्मार्टफोन की ब्रिकी की



**सैन फ्रांसिस्को ।** गूगल पिक्सल-7 सीरीज के लांच के बीच, एक नई रिपोर्ट से साफ हुआ हैं कि टेक दिग्गज ने अपनी पिक्सल सीरीज से अब तक लगभग 3 करोड़ स्मार्टफोन की ब्रिकी की हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि गूगल अब तक दसियों लाख फोन बेचने में कामयाब रहा है और इसका 2022 का प्रमुख मॉडल, पिक्सल 7, एक ही वर्ष में बिक्री को 3 करोड़ से अधिक सात मिलियन यूनिट से अधिक कर देगा। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले छह वर्षों में बिके पिक्सल फोन की बिक्री का सटीक आंकड़ा लगभग 27.6 मिलियन यूनिट है। इस बीच, कंपनी ने गूगल के अगली पीढ़ी के टेंसर जी2 प्रोसेसर द्वारा संचालित और एंड्रॉइड 13 के साथ शिपिंग द्वारा संचालित अपने सभी नए गूगल पिक्सल 7 और पिक्सल 7 प्रो का अनावरण किया है। देश में पिक्सल 7 की कीमत 59,999 रुपए और पिक्सल 7 प्रो की कीमत 84,999 रुपए है।




## हुंदै को पिछले वित्त वर्ष में सबसे अधिक मुनाफा हुआ

**नई दिल्ली ।** वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हुंदै मोटर इंडिया ने बीते वित्त वर्ष में 2,861.77 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 55 प्रतिशत अधिक है और बीते चार साल में यह सबसे ज्यादा रहा है। कारोबार आसूचना मंच टॉफलर द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके मुताबिक गैर-सूचीबद्ध इकाई हुंदै मोटर इंडिया ने 2020-21 में 1,847.16 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। 2019-20 में कंपनी का मुनाफा 2,355 करोड़ रुपए रहा था। इससे पहले हुंदै ने सबसे अधिक 2,581.73 करोड़ रुपए का मुनाफा 2018-19 के वित्त वर्ष में कमाया था। वहीं 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी का मुनाफा 2,124.17 करोड़ रुपए रहा था। इस तरह बीते चार साल में कंपनी ने सर्वाधिक लाभ वित्त वर्ष 2021-22 में कमाया है। परिचालन आय की बात की जाए, तो इस दक्षिण कोरियाई वाहन कंपनी ने बीते वित्त वर्ष 2021-22 में 47,042.79 करोड़ रुपए का राजस्व कमाया। यह आंकड़ा भी चार वर्षों में सबसे अधिक है। 2020-21 में कंपनी की परिचालन आय 40,674.01 करोड़ रुपए रही थी।

# बीते महीने क्रेटा ने 12,806 यूनिट्स बेचीं

**-लोकप्रियता के शीर्ष पायदान पर रही यह कार**




**नई दिल्ली ।**

पिछले महीने सबसे ज्यादा पॉपुलर रही कारों की सूची में शीर्ष पर क्रेटा रहीं, जिसने 12,806 यूनिट्स बेचीं और 56.30 प्रतिशत सालाना वृद्धि और 1.82 प्रतिशत एमओएम वृद्धि दर्ज की। अगर हम देश में बिकने वाली टॉप 10 कारों और एसयूवी को लें तो क्रेटा छठे स्थान पर आती है। क्रेटा के लिए वॉल्यूम गेन 4,613 यूनिट वायओवाय और 229 यूनिट एमओएम रहा। कॉम्पैक्ट एसयूवी की कुल बिक्री में क्रेटा की 36.54 फीसदी हिस्सेदारी है। सेल्टोस ने 11,000 यूनिट्स की बिक्री और 14.79 प्रतिशत सालाना वृद्धि और 27.14 प्रतिशत एमओएम वृद्धि के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। सितंबर 2021 में बेची गई 9,583 यूनिट्स से अधिक मात्रा में लाभ 1,417 यूनिट्स पर रहा और अगस्त 2022 में बेची गई 8,652 यूनिट्स से 2,348 यूनिट्स की मात्रा में वृद्धि हुई। सेल्टोस के लिए कुल कॉम्पैक्ट एसयूवी बिक्री का बाजार हिस्सा 31.39 प्रतिशत था।निसान किक्स की 108 यूनिट्स की सेल हुई।एस-क्रॉस ने सितंबर 2021 में 1,529 यूनिट्स बेचीं जबकि इसी अवधि में डस्टर ने 275 यूनिट्स बेचीं। कुल मिलाकर, कॉम्पैक्ट एसयूवी की बिक्री सितंबर 2022 में सितंबर 2022 में 35,044 यूनिट्स की रही, जबकि सालाना आधार पर 48.68 प्रतिशत वृद्धि और 37.23 प्रतिशत एमओएम वृद्धि दर्ज की गई। सितंबर 2021 में बेची गई 23,570 यूनिट्स से अधिक मात्रा में 11,474 यूनिट्स की बिक्री हुई और अगस्त 2022 में बेची गई 25,537 यूनिट्स से 9,507 यूनिट्स ज्यादा सेल हुई। क्रेटा लंबे समय से भारत में कंपनी की सबसे पॉपुलर कार बनी हुई है और कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में इसका दबदबा कायम है। बता दें कि भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में सब कॉम्पैक्ट एसयूवी (4 मीटर से कम लंबी) सेगमेंट के बाद कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में सबसे ज्यादा कॉम्पिटिशन है। इसीलिए कार निर्माता कंपनियां भी इस सेगमेंट में लगातार नए मॉडल्स उतार रही हैं और ग्राहकों के पास खरीदने के लिए कई विकल्प मौजूद हैं।

# सितंबर में पांच महीने के उच्च स्तर पर जा सकती है खुदरा महंगाई

**- 12 अक्टूबर को सरकार जारी करेगी खुदरा महंगाई के आंकड़े**

**नई दिल्ली ।**

खुदरा महंगाई आरबीआई के काबू से बाहर होती जा रही है। रिजर्व बैंक इसे नीचे लाने की जितनी कोशिश कर रहा है, यह उतनी ही ज्े यादा पहुंच से दूर हो रही है। अगस्े त में 7 फीसदी का आंकड़ा छूने के बाद अब सितंबर में खुदरा महंगाई पांच महीने के उच्च स्तर पर पहुंचती दिख रही है। अर्थशास्त्रियों के बीच कराए गए सर्वे में पता चला है कि खाने-पीने की वस्े तुओं के दाम बढ़ने से सितंबर में खुदरा महंगाई के आंकड़े अप्रैल के बाद सबसे ज्े यादा हो सकते हैं। 24 अर्थशास्त्रियों के बीच सर्वे में पता चला है कि सितंबर में खुदरा महंगाई की दर 7.3 फीसदी पहुंच सकती है, जो अगस्े त में 7 फीसदी रही थी। हालांकि अर्थशास्त्रियों ने अनुमान जताया है कि आने वाले कुछ महीनों में महंगाई` फिर से कम हो जाएगी। इस अनुमान के साथ ही यह लगातार 9वां महीना होगा जबकि खुदरा महंगाई की दर रिजर्व बैंक के तय दायरे से बाहर होगी। रिजर्व बैंक खुदरा महंगाई की दर को 6 फीसदी के अंदर सीमित रखने की कोशिश कर रहा है, लेकिन फिलहाल साल 2022 में एक बार भी महंगाई उसके दायरे में नहीं आई है। इस बार के सर्वे में भी खुदरा महंगाई की दर 7.03 फीसदी से 7.50 फीसदी के दायरे में रहने का अनुमान है। सरकार 12 अक्टूबर को खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी करेगी। महंगाई में दोबारा उछाल आने से पहले जुलाई तक लगातार गिरावट दिखी थी। अप्रैल से जुलाई तक खुदरा महंगाई की दर लगातार नीचे जा रही थी, लेकिन अगस्े त से दोबारा इसमें उछाल आना शुरू हो गया है। अगर पिछले साल सितंबर के आंकड़े देखें तो खुदरा महंगाई की दर 4.35 फीसदी तक चली गई थी, जो 17 महीनों में सबसे कम रहा था। आरबीआई अभी तक खुदरा महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो में 1.90 फीसदी की वृद्धि कर चुका है। साथ ही हालिया एमपीसी बैठक में यह अनुमान भी जताया है कि खुदरा महंगाई की दर आने वाले कुछ महीनों में नीचे आएगी। रिजर्व बैंक के अनुसार अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में खुदरा महंगाई की दर 6.5 फीसदी के दायरे में, जबकि मार्च 2023 की तिमाही में 5.8 फीसदी के दायरे में पहुंच सकती है। आरबीआई के साथ अन्य देशों के अर्थशास्त्री भी इस अनुमान को सही ठहरा रहे हैं और उनका मानना है कि अगले साल की शुरुआत से ही खुदरा महंगाई नीचे आने लगेगी।



## पेटीएम के ऋण वितरण की वार्षिक दर सितंबर में बढ़ी

**नई दिल्ली ।** डिजिटल वित्तीय सेवा कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा कि उसके ऋण वितरण की वार्षिक दर सितंबर में 17 प्रतिशत बढ़कर 34,000 करोड़ रुपए हो गई। कंपनी पेटीएम ब्रांड नाम के तहत कारोबार करती है। कंपनी ने बताया कि अगस्त 2022 में उसके ऋण वितरण की वार्षिक दर 29,000 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया` कि हमारा ऋण वितरण व्यवसाय सितंबर में 34,000 करोड़ रुपए की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। सितंबर तिमाही में पेटीएम द्वारा वितरित ऋणों की कुल संख्या बढ़कर लगभग 92 लाख हो गई, जो एक साल पहले 28.41 लाख थी। समीक्षाधीन तिमाही में पेटीएम द्वारा बांटे गए कुल ऋण की मात्रा बढ़कर 7,313 करोड़ रुपए हो गई, जो सितंबर 2021 तिमाही के 1,257 करोड़ रुपए की तुलना में छह गुना है।

# दूसरे देशों के लोग भी ले सकेंगे अमूल दूध का स्वाद!




**नई दिल्ली ।**

देश में पैकेट बंद दूध की सबसे बड़ी विक्रेता कंपनी अमूल दूध का स्वाद जल्द ही दूसरे देश के नागरिक भी ले सकेंगे। मोदी सरकार भारतीय डेयरी उत्पाद को बढ़ावा देने और किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए एक योजना लेकर आई है। केंद्रीय सहकारी मंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम में कहा कि अमूल के साथ पांच अन्य सहकारी समितियों का भी विलय किया जाएगा जिससे एक बड़ी मल्टी स्टेट कॉपरेटिव सोसाइटी (एमएससीएस) का गठन होगा। विलय की प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा डिजिटल खेती के जरिये प्राकृतिक उत्पादों को बढ़ावा देने की है। वर्तमान में द गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड अमूल ब्रांड के तहत अपने उत्पादों की बिक्री करती है। इस फेडरेशन में पांच अन्य सहकारी समितियों का विलय होने के बाद मल्टी स्टेट सहकारी समिति तैयार होगी जो अपने उत्पादों को अमूल ब्रांड के जरिये ही देश-विदेश में बेचेगी। अमित शाह ने कहा कि एमएससीएस का गठन होने और सर्टिफिकेशन के बाद अमूल दूध का निर्यात नेपाल, भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश में भी किया जा सकेगा। इसके साथ ही मुनाफे का पैसा सीधे किसानों के खाते में भेजने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि बिचौलिए की भूमिका खत्म की जा सके। इस निर्यात के लिए मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटी एक एक्सपोर्ट हाउस की तरह काम करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था अभी दुनिया में पांचवें पायदान पर है और इसे दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए देश के पूर्वोत्तर राज्यों की भूमिका काफी अहम होगी।

## गौतम अडानी एक और सीमेंट कारोबार का अधिग्रहण करेंगे



**नई दिल्ली ।**

देश के प्रमुख कारोबारी में से एक गौतम अडानी अंबुजा और एसीसी सीमेंट को खरीदने के बाद अब एक सीमेंट यूनिट को खरीदना चाहते हैं। अडानी ग्रुप अब कर्ज में डूबी जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड से उसकी सीमेंट यूनिट खरीदने के लिए बातचीत कर रहा है। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी है। पोर्ट से लेकर पावर तक अपना कारोबार फैला चुका अडानी ग्रुप एक सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट और दूसरे छोटे एसेट्स खरीदना चाहता है। इसके लिए ग्रुप करीब 50 अरब रुपए का भुगतान कर सकता है। न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग के अनुसार गौतम अडानी की सीमेंट कंपनी यह अधिग्रहण करेगी। सूत्रों के अनुसार इसकी घोषणा इस हफ्ते में की जा सकती है। हालांकि डील पर अभी चर्चा चल रही है। गौरतलब है कि अडानी ने मई में स्विट्जरलैंड की होल्सिम लिमिटेड से अंबुजा और एसीसी लिमिटेड को खरीदा था। इसके साथ ही अडानी ग्रुप रातों-रात भारत का दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट निर्माता बन गया था। सीमेंट ग्राइंडिंग फैसिलिटी के पास साल में 20 लाख टन की क्षमता है। इसने अक्टूबर 2014 में काम करना शुरू किया था। हालांकि अडानी ग्रुप और जयप्रकाश एसोसिएट्स की ओर से इस पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

# एसबीआई 746 करोड़ की वसूली के लिए नीलाम करेगा एनपीए खाते




**नई दिल्ली ।**

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अगले महीने तक अपनी कई गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) बेचकर 746 करोड़ रुपए बकाये की वसूली की योजना बनाई है। एसबीआई इन एनपीए की नीलामी के जरिये बिक्री करने जा रहा है। इसके लिए जारी निविदा दस्तावेज में बैंक ने कहा कि इन परिसंपत्तियों में सिंटेक्स बीएपीएल का फर्जी कर्ज खाता भी शामिल है। बीएपीएल का यह कर्ज खाता फर्जी होने से बैंक ने इसकी ई-नीलामी में सिर्फ परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनियों (एआरसी) के ही शामिल होने की बात कही है। चार नवंबर को होने वाली इस नीलामी में एसबीआई अपने एनपीए की बिक्री के लिए एआरसी एवं वित्तीय संस्थानों, बैंकों या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से बोलियां आमंत्रित करेगा। इस दौरान सिंटेक्स बीएपीएल के पास बकाया 197.74 करोड़ रुपए, सूरत हजीरा एनएच6 टॉलवे प्राइवेट लिमिटेड के पास बकाया 335.54 करोड़ रुपए और श्रीभाव पॉलिवीव्ज प्राइवेट लिमिटेड के खाते की 20.20 करोड़ रुपए के बकाए की वसूली के लिए नीलामी की जाएगी। इसके अलावा एसबीआई 31 अक्टूबर को भी तीन खातों की ई-नीलामी करेगा। इनमें वीवीएफ इंडिया लिमिटेड के 154.37 करोड़ रुपए, अशोक मैग्नेटिक्स लिमिटेड के 23.82 करोड़ रुपए और अग्रवाल्स पॉलीट्रेड के 15.03 करोड़ रुपए के बकाया खाते शामिल हैं।

## त्योहारी सीजन के बाद महंगे हो सकते हैं इलेक्ट्रॉनिक्स सामान



**नई दिल्ली ।**

डॉलर के मुकाबले रुपए में लगातार कमजोरी से त्योहारी सीजन की बिक्री समाप्त होने के बाद इलेक्ट्रॉनिक सामान महंगे हो सकते हैं। विश्लेषकों ने कहा कि त्योहारों पर चल रही बिक्री में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर आकर्षक डील देखने को मिल रही है, लेकिन बिक्री के बाद कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रुपए में गिरावट का कंपनियों पर काफी असर पड़ रहा है, लेकिन कंपनियां त्योहारों के दौरान कीमत बढ़ाकर पहले से ही कमजोर मांग पर कोई असर नहीं डालना चाहती हैं, लेकिन नवंबर में कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं।कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि त्योहारी सीजन समाप्त होने के बाद स्मार्टफोन की कीमत 5-7 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। देश में स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियों पर रुपए के कमजोर होने का काफी असर पड़ता है, क्योंकि ये कंपनियां अभी भी फोन के निर्माण के बजाय सेमी-नॉक्ड डाउन (एसकेडी) किट से असेंबल करते हैं।

कंपनियां फोन में इस्तेमाल होने वाली डिस्प्ले और इंटीग्रेटेड सर्किट जैसे पुर्जों को अलग-अलग आयात करती हैं। रुपए के कमजोर होने से ऐसे सामानों की लागत बढ़ जाती है। इसी तरह देश में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं की भी कमोबेश यही स्थिति है। घरेलू टीवी ब्रांड दाइवा के एक अे धिकारी ने कहा कि रुपए का गिरना इस समय सबसे बड़ी चुनौती है, जिससे मार्जिन में कमी और लागत में बढ़ोतरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि कच्चे माल की कीमतें बढ़ाने वाले सप्लायर से इस बारे में बातचीत शुरू हो चुकी है। नई कीमतें अगले महीने तय की जाएगी।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## टी20 विश्व कप के लिए नेट अभ्यास करते दिखे विराट

**वाका ।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 के लिए ऑस्ट्रेलिया में है और उसने अभ्यास भी शुरु कर दिया है। भारतीय टीम को यहां अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलना है पर उसके पहले उसे चार अभ्यास मुकाबले खेलने होंगे। उसी को देखते हुए सभी खिलाड़ी अभ्यास में जुट गये हैं। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का भी एक ऐसा ही विडियो सामने आया है। इस वीडियो में विराट नेट पर पसीना बहाते हुए दिखे। विराट वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट एसोसिएशन (वाका) स्टेडियम में पसीना बहाते हुए दिखे। वहीं एक प्रशंसक ने विराट के इस वीडियो को ट्विटर पर भी साझा किया है, जिसमें वह नेट सत्र में अच्छे शॉट्स लगाते दिख रहे हैं। क्रिकेट के सभी प्रारूपों में विराट सबसे अच्छे बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने तकरीबन तीन साल बाद एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक लगाया था। यहा उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक था। ऐसे में विश्व कप में भी प्रशंसक उनसे इसी प्रकार की पारी की उम्मीद कर रहे हैं। विराट को हाल में तरोताजा होने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी20 मुकाबले में आराम दिया गया था।

# भारत-दक्षिण के बीच निर्णायक एकदिवसीय मुकाबला आज

**नई दिल्ली ।**

भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम मंगलवार को यहां तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय क्रिकेट मैच में जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम करने उतरेंगी। अभी तक दोनो ही टीमें 1-1 से सीरीज में बराबरी पर हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पहला जबकि भारतीय टीम ने दूसरा मैच जीता था। इस मैच में दोनो ही टीमें अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। इस मैच में दोनो ही टीमें अच्छी शुरुआत पर ध्यान देंगी। दूसरे मैच में भारतीय टीम ने शुरुआती विकेट गिरने के के बाद भी श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की अच्छी बल्लेबाजी से जीत दर्ज की थी। अब भारतीय टीम को इन दोनो से इस बार भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

भारतीय टीम के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और शुभमन गिल की जोड़ी अब तक इस सीरीज में प्रभावित नहीं कर पायी है। इसी कारण भारतीय टीम को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। अब इस जोड़ी से भी रनों की उम्मीद रहेगी। धवन अब तक इस सीरीज में 17 रन बना पाए हैं। वहीं दूसरी ओर शुभमन भी उम्मीद के अनुसार रन नहीं बना पाये हैं। पहले मैच में सस्ते में आउट होने के बाद दूसरे एकदिवसीय में वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाये। वहीं मध्यक्रम में अय्यर, ईशान और उपकप्तान संजू सैमसन शामिल हैं। अय्यर और सैमसन ने जहां अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है। वहीं ईशान आक्रामक अंदाज में खेल रहे हैं। भारतीय टीम प्रबंधन एकदिवसीय विश्वकप के लिए खिलाड़ियों को अवसर दे रहा है , ऐसे में अब सभी बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो युवा मोहम्मद सिराज ओर स्पिनर शाहबाज अहमद और रवि बिश्नोई ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की ओर से यह सीरीज अगले साल होने वाले विश्वकप की दृष्टि से काफी अहम है। वह यह मैच जीत कर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग में कुछ अंक का पूरा प्रयास करेगी। . वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका की हालत भी अच्छी नहीं है।

कप्तान टेम्बा बावुमा रन नहीं बना पा रहे हैं। उन्हें दूसरे मैच में आराम दिया गया था और देखना होगा कि वह निर्णायक मैच में वापसी करते हैं या नहीं। वहीं कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज ने दूसरे एकदिवसीय में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था जो गलत साबित हुआ। उसके गेंदबाजों को दूसरी पाली में ओस के कारण गेंदबाजी में परेशानी आयी। इस बार अब मेहमान टीम कोई गलती नहीं करना चाहेगी। उसकी बल्लेबाजी क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्कराम और डेविड मिलर पर टिकी है। गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी ओर एनरिक नॉर्टजे जैसे खिलाड़ी हैं।

## सूर्यकुमार , अर्शदीप और भूवनेश्वर के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने पहले अभ्यास मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया को हराया

**वाका ।**

सूर्यकुमार यादव की अर्धशतकीय पारी के बाद अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार की अच्छी गेंदबाजी के बल पर भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप से पहले हुए एक अभ्यास मुकाबले में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया को 13 रनों से हरा दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार के अर्धशतक 52 रनों की बदौलत 6 विकेट पर 158 रन बनाए थे। इसके बाद जीत के लिए मिले 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम युवा बल्लेबाज सैम फेनिंग की 59 रनों की संघर्षपूर्ण पारी के बाद भी 8 विकेट पर 145 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अक्ष्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर और अर्शदीप ने 2-2 विकेट लेकर उसके बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। हालांकि फेनिंग ने अर्धशतक लगाकर अपनी ओर से पूरा प्रयास किया। अर्शदीप ने 3 ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट लिए। युजवेंद्र चहल ने 15 रन देकर 2 विकेट जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 26 रन देकर 2 विकेट लिए। इससे पहले इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। लोकेश राहुल और , विराट कोहली को इस मैच में आराम दिया गया था। ऐसे में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने रोहित के साथ पारी की





शुरुआत की पर ये जोड़ी सफल नहीं रही ओर रोहित केवल तीन रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद ऋषभ भी जल्द ही आउट हो गये। सूर्यकुमार ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ पहले अभ्यास मैच में 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। सूर्यकुमार ने 35 गेंद में 3 चौके और 3 छक्के की मदद से ये रन बनाये। ऋषभ ने भी केवल 9 रन ही बनाये। वहीं दीपक हुडा ने 14 गेंद में 22 रन बनाये। भारतीय टीम ने पचास रनों के अंदर ही तीन विकेट खो दिये। इसके बाद सूर्यकुमार ने हार्दिक पंड्या के साथ ही पारी को संभाला। पंड्या ने 20 गेंद में 29 रन बनाए।

## आईएसएल: हैदराबाद और मुंबई का मुकाबला 3-3 से बराबरी पर छूटा

**पुणे।** मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी और पूर्व चैम्पियन मुंबई सिटी एफसी के बीच रविवार को यहां खेला गया इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का रोमांचक फुटबॉल मुकाबला 3-3 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच के 23वें मिनट में चिंगलेनसाना सिंह के आत्मघाती गोल से मुंबई की टीम 1-0 से आगे हो गई। मध्यांतर से ठीक पहले विक्टर ने पेनल्टी कीक को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। मध्यांतर के बाद 51वें मिनट में हालिचरण नाजरी ने गोल करके हैदराबाद की बढ़त को 2-1 कर दिया। मुंबई ने मैच के 67वें मिनट में ग्रेग स्टीवर्ट के गोल से स्कोर 2-2 किया लेकिन इसके नौ मिनट बाद विक्टर ने फिर से हैदराबाद को बढ़त दिला दी। एल्बर्टो नोगुएरा ने मैच के 85वें मिनट में गोल कर स्कोर को 3-3 से बराबर कर दिया।



# महिला एशिया कप : भारतीय टीम ने थाईलैंड को नौ विकेट से हराया

**सिहलट ।**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशिया कप महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में थाईलैंड के खिलाफ नौ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की है। इस मैच में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर थाईलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भारतीय गेंदबाजों के सामने थाईलैंड टीम टिक नहीं पायी और 15.1 ओवरों में ही 37 रनों पर ही आउट हो गयी। थाईलैंड की ओर से केवल एक बल्लेबाज नानपट कोंचानरियोनकाइ ही दो अंकों तक पहुंच पायी। कोंचरोएन्काई ने 19 गेंदों पर एक चौके की मदद से 12 रन बनाए। वहीं कप्तान नरुमोल चाईवाई ने 14 गेंदों पर 3 रन बनाये। अन्य बल्लेबाज एक के बाद एक पेवेलियन लौटती गयीं। भारतीय टीम की ओर से स्नेह राणा ने तीन जबकि राजेश्वरी गायकवाद और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिए जबकि एक विकेट मेघना सिंह को मिला। इसके बाद जीत के लिए मिले 38 रनों के छोटे से लक्ष्य को भारतीय टीम ने केवल 6 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा 8 रन पर ही आउट हो गईं। इसके बाद मेघना ने नाबाद 20 रन और पूजा वस्त्राकर ने नाबाद 12 रन बनाकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंच दिया। इस मैच में शानदार



गेंदबाजी ओर बल्लेबाजी के लिए स्नेह को प्लेयर आफ द मैच का अवार्ड मिला। वहीं इस मैच में भारत टीम ने नियमित कप्तान हरमनप्रीत कोर को आराम दिया था। ऐसे में टीम की कप्तानी मंधाना के पास थी। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने अंक तालिका में अपनी स्थिति और बेहतर बना ली है। अब भारत के 6 मैच से 10 अंक हो गए हैं। वहीं थाईलैंड ने इससे पहले लगातार तीन मैच जीते थे। उसने गत मलेशिया को 50 रन से हराया था। यूएई को 18 रन और पाकिस्तान को 4 विकेट से शिकस्त दी थी पर भारतीय टीम ने उसके विजयी अभियान को रोक दिया।

भारतीय टीम पहले ही इस टूर्नामेंट के सेमीफाइन में पहुंच गयी है। उसके अब तक केवल एक मैच में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था।

### संक्षिप्त समाचार



## रोनाल्डो के क्लब करियर में 700 गोल पूरे

**बार्सिलोना।** पुर्तगाल के कप्तान और इंग्लैंड के मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जादू खेल में बरकरार है। 37 साल की के रोनाल्डो ने अपने क्लब करियर में 700 गोल का एक नया रिकार्ड बनाया है। रोनाल्डो ने 944 मैच में ये गोल किये हैं। रोनाल्डो ने अपना 700 वां गोल प्रीमियर लीग मुकाबले में एवर्टन के खिलाफ किया। रोनाल्डो ने अपने 700 गोल स्पोर्टिंग लिस्बन, मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और जुवेंट्स की ओर से खेलते हुए किये हैं। इस मुकाबले में एंथनी मार्शल की जगह बतौर स्थानापन्न खिलाड़ी उतरे रोनाल्डो ने सत्र का अपना पहला प्रीमियर लीग गोल किया। उन्होंने इसके लिए केवल 14 मिनट का समय लिया। रोनाल्डो का उनके दूसरे कार्यकाल को मिलाकर यूनाइटेड की ओर से यह 144वां गोल था। उन्होंने मैच के 44वें मिनट में यह गोल किये। रोनाल्डो के इस गोल से मैनचेस्टर ने एवर्टन को 2-1 से हराया था। रोनाल्डो ने सबसे अधिक गोल रियल मैड्रिड की ओर से दागे हैं। उन्होंने इस क्लब की ओर से कुल 450 गोल किए हैं। रोनाल्डो ने जुवेंट्स की ओर से 101 वां गोल जबकि स्पोर्टिंग क्लब की ओर से 5 और मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से 144 गोल किए हैं। यह कारनामा करने वाले रोनाल्डो विश्व के पहले फुटबॉलर बने हैं। रोनाल्डो ने 700 में से 129 गोल पेनाल्टी के जरिये ही किये हैं। ला लीगा के 292 मैचों में उन्होंने 311 गोल किए हैं। वहीं चैंपियंस लीग में रोनाल्डो के नाम 183 मैचों में सबसे ज्यादा 140 गोल का रिकार्ड है।

## ईशान के आक्रामक अंदाज को देखकर हस्तक्षेप नहीं किया : अय्यर

**रांची ।** श्रेयस अय्यर ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वह ईशान किशन से बात करना चाह रहे पर बाद में उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि ईशान बेहद आक्रामक अंदाज में बल्लेबाज कर रहे थे। अय्यर ने कहा कि वह ईशान के खेलने के



तरीके में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते थे। ईशान ने इस मैच में चार चौके और पांच छक्के लगाकर 93 रनों की आक्रामक पारी खेली। उन्होंने अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 161 रन की साझेदारी भी की जिससे भारतीय टीम यह मैच आसानी से जीत गयी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के ट्विटर हैंडल पर जारी एक वीडियो में अय्यर ने ईशान से कहा,'' मैं आपसे बात करना चाहता था पर आप बेहद आक्रामक होकर खेल रहे थे और लय में बल्लेबाजी कर रहे थे इसलिए मैं आपकी निजता में हस्तक्षेप नहीं चाहता था।'' अय्यर ने कहा,'' जो भी हो हमने मैच जीता और हमने जीत के साथ अंत किया। उम्मीद है कि अगले मैच में आप शतक लगायेंगे। इस बार जब आप शतक नहीं लगा पाये तो मैं निराश हो गया था।'' अय्यर ने भी इस मैच में शानदार शतकीय पारी खेली थी।

# अर्शदीप के आगे कंगारू पस्त, वार्मअप मुकाबले में भारत ने 13 रनों से मारी बाजी

**पर्थ ।**


तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार की शानदार गेंदबाजी और इन-फॉर्म सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक ने भारत को आईसीसी टी20 विश्व कप के वार्मअप मैच में सोमवार को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया पर 13 रन से जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारत की टी20 विश्व कप की तैयारियों को काफी बढ़ावा मिला है। हालांकि बल्लेबाजी कुछ हद तक कमजोर थी, लेकिन गेंदबाजों ने गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने डार्सी शॉर्ट और एश्टन टर्नर के विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह को भी दो विकेट मिले। पावरप्ले के छह ओवरों में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने 29 रन बनाकर 4 विकेट खो दिए थे। भारत के लिए युजवेंद्र चहल ने पांचवां विकेट लिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम 11 ओवर में 68 रनों पर सिमट गया। सैम फैनिंग ने दूसरे छोर को स्थिर रखा जबकि हामिश मैकेंजी ने भी स्कोरबोर्ड को टिक कर रखा। फैनिंग ने अपना अर्धशतक लगाया लेकिन अर्शदीप सिंह ने उन्हें 59 रन पर आउट कर दिया। खेल के आगे बढ़ने पर दो और विकेट गिरे । वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 145 रन ही बना सका। हामिश ने 17 रन बनाए। अर्शदीप ने तीन विकेट लिए, जबकि भुवनेश्वर ने दो विकेट लिए। चहल को दो और हर्षल पटेल को एक विकेट मिला।



इससे पहले, फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक और दीपक हुड्डा और हार्दिक पांड्या की अहम पारियों ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के सामने 159 रनों का लक्ष्य रखा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही और उसने अपना पहला विकेट 15 के स्कोर पर गंवा दिया। जेसन बेहरेनडॉर्फ ने कप्तान रोहित शर्मा का बड़ा विकेट मिला, जो सिर्फ तीन रन ही बना सके। सलामी बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ दीपक हुड्डा क्रीज पर थे। बेहरेनडॉर्फ ने पंत को भी चलता किया। छह ओवर में पावरप्ले खत्म होने तक भारत का स्कोर 2 विकेट पर 39 था। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पंत का साथ देने आए।

## 2023 सत्र में भी सीएसके की ओर से खेलते नजर आयेंगे धोनी

**मुम्बई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में भी सीएसके की ओर से ही खेलते हुए नजर आयेंगे। इसी के साथ ही धोनी के आईपीएल से संन्यास की खबरों पर भी विराम लग गया है। धोनी ने एक कार्यक्रम में कहा कि वो अगले साल चेपॉक स्टेडियम में मिलेंगे। इससे



पहले साल 2019 में धोनी ने सीएसके की ओर से अपने घरेलू मैदान पर खेला था। इसके बाद कोरोना के कारण साल 2020 में यह लीग यूएई में हुई थी। वहीं, 2021 में भी लीग का दूसरा चरण यूएई में ही खेला गया था। वहीं आईपीएल-2022 का मुकाबला भी लीग स्तर पर मुंबई और पुणे में ही खेला गया था। इसके बाद क्वालिफायर और फाइनल मुकाबले कोलकाता और अहमदाबाद में हुए थे हालांकि इसके बाद से ही यह लीग होम (घरेलू जमीन) और अवे प्रारुप (घर से बाहर) के हिसाब से खेली जाने लगी। धोनी ने साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उसके बाद से ही वह केवल आईपीएल मुकाबलों में ही उतरे हैं। धोनी हाल ही में एक कार्यक्रम में चेन्नई गए थे, वहां जब उनसे जब पूछा गया कि वे आईपीएल 2023 में खेलने वाले हैं तो धोनी ने कहा, 'हम अगले साल चेपॉक वापस आएंगे।' धोनी के इसी बयान को सीएसके के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर साझा किया गया है। उनकी एक तस्वीर भी इसके साथ शेयर की गई है। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसमें धोनी की इस घोषणा के बाद प्रशंसक उत्साहित नजर आते हैं।




## ब्रॉड के बिना ही टेस्ट सीरीज के लिए पाक जाएगी इंग्लैंड टीम

**दन ।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड इस साल के अंत में होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएंगे। इसका कारण यह है कि ब्राड की पत्नी मौली किंग तब बच्चे को जन्म देने वाली हैं। ब्रॉड इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं और ऐसे में उनके नहीं रहने से टीम को करारा झटका लगेगा। गौरतलब है कि इंग्लैंड टीम करीब 17 साल बाद तीन मैचों की एक इस टेस्ट सीरीज के लिए पाक दौरे पर जाने वाली है। । इस सीरीज का पहला मुकाबला रावलपिंडी, दूसरा मुल्तान और तीसरा कराची में खेला जाएगा। यह टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत खेली जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार इस सीरीज से पहले अभ्यास मैच भी खेले जाएंगे। पाक टीम के साथ टेस्ट सीरीज एक दिसंबर से शुरु होगी। ब्रॉड ने इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 159 मैच खेलते हुए 293 पारियों में 27.8 की औसत से 566 विकेट लिए हैं।

# टी-20 एशिया में स्मृति मंधाना का बड़ा रिकॉर्ड

**सिलहट।**

सोमवार को थाईलैंड के खिलाफ खेले गए महिला टी-20 एशिया कप के मैच में स्मृति मंधाना ने अपने नाम एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। इस मैच में स्टार भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना टी-20 क्रिकेट में 100 मैच खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। ऐसा करने वाली वह दूसरी भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। उनके अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर भारत की ओर से एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 100 या उससे अधिक टी-20 मैच खेले हैं। हरमनप्रीत ने भारत के लिए 135 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 27.28 की औसत से 2,647 रन बनाए हैं। सबसे छोटे फॉर्मेट में उनके बल्ले से एक शतक और आठ अर्धशतक निकल चुके हैं। उन्होंने टी-20 में भारत के लिए 32 विकेट भी लिए हैं। दूसरी ओर, मंधाना ने अब तक अपने 100 मैचों में 26.96 की औसत से 2,373 रन बनाए हैं। मंधाना ने टी-20 में 86 के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर के साथ 17 अर्धशतक बनाए हैं। टी-20 में सबसे जयादा मैच न्यूजीलैंड की सुजी बेट्स ने खेलें हैं, वह 136 टी-20 मैच खेल चुकी हैं । उनके बाद भारतीय हरमनप्रीत के साथ इंग्लैंड की डेनियल व्याट संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, दोनों 135 टी-20 मैच खेल चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली 132 टी-20 मैचों के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डॉटिन



127 टी-20 मैचों के साथ चौथे स्थान पर हैं।



चेक गणराज्य में ट्रॉफी के साथ उत्साहित होती हुई चेक गणराज्य की बारबोरा क्रिसीकोवा।





# बच्चों की काबिलियत पर ध्यान दें अभिभावक

बच्चों के लिए स्कूल में स्पोर्ट्स खेलना जरूरी होता है क्योंकि यह कई तरह से उन्हें फायदा पहुंचाता है।

## बच्चे के स्कूल में जरूर होनी चाहिए स्पोर्ट्स फैसलिटी

सिर्फ काम और खेलकूद नहीं, ऐसे तो बच्चा सुस्त बन जाएगा। स्पोर्ट्स से दूर रहने से इंसान फिट नहीं रह पाता है और स्ट्रेस में रहता है और बोरिंग भी बन जाता है। स्पोर्ट्स सिर्फ एंटरटेनमेंट या मजे के लिए ही नहीं होते हैं बल्कि इससे मेंटल और फिजिकल हेल्थ को भी बहुत फायदे मिलते हैं। इसलिए मेंटली और फिजिकली फिट रहने के लिए आपको स्पोर्ट्स को अपनी आदत में शुमार करना चाहिए। अगर आप भी पेरेंट हैं, तो अपने बच्चे को स्पोर्ट्स में हिस्सा लेने के लिए कहें और स्कूल में भी स्पोट्स पर जोर देने की बात करें।

### लीडरशिप स्किल्स आते हैं

स्पोर्ट्स से बच्चे में अपनी टीम का नेतृत्व करने का गुण विकसित होता है। इस प्रक्रिया के दौरान बच्चे में निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। लीडर बनकर बच्चा अपनी टीम के साथ कोऑर्डिनेट करना और सलाह देना और लेना सीखता है। बच्चे को अपनी कमजोरी और ताकत का भी पता चलता है जिससे वो समय के साथ बेहतर होता जाता है।

### फिजिकल ग्रोथ होती है

फिजिकल एक्टिविटी और एक्सरसाइज से बच्चे की मांसपेशियों और हड्डियों के विकास को बढ़ावा मिलता है। स्पोर्ट्स खेलने वाले बच्चे अच्छी डाइट भी लेते हैं जिससे उनकी सेहत और एनर्जी लेवल अच्छा रहता है। हेल्दी आदतों से कोशिकाओं और हार्मोंस का लेवल भी संतुलित रहता है। अगर बच्चा फिजिकली फिट होगा, तो वो अपनी पढ़ाई पर भी अच्छे से ध्यान दे पाएगा।

### अच्छी नींद आती है

खेलकूद के बाद बॉडी धीरे-धीरे नींद लाने वाले हार्मोंस को ट्रिगर करता है। ये हार्मोंस शरीर को आराम देते हैं जिससे अच्छी नींद आती है। अगर बच्चा ठीक से सोएगा नहीं, तो उसे स्कूल में सुस्ती आएगी और वो पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाएगा। इसलिए बच्चों के लिए स्पोर्ट्स जरूरी हैं।

### आत्मविश्वास बढ़ता है

गेम में बच्चे को अपनी ताकत और क्षमता के बारे में पता चलता है। इससे बच्चा खुद को दूसरों से बेहतर और अलग मानता है। अपनी ताकत को जानकर बच्चे का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। जब टूर्नामेंट में बच्चे की तारीफ की जाती है, तो इससे उसका कॉन्फिडेंस बढ़ता है और वो नई चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर पाता है।

### टीम में रह कर काम करना

स्पोर्ट्स से बच्चा अपने साथियों के साथ को-ऑर्डिनेट करना सीखता है। एक टीम में अलग-अलग जेंडर, कास्ट, रंग और धर्म के लोग मिलते हैं। यहां बच्चा हर किसी के साथ काम करना और उसका आदर करना सीखता है। उसे कुछ क्रिएटिव और स्मार्ट स्किल्स भी सीखने को मिलते हैं। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए स्पोर्ट्स कितना जरूरी है। इसका बच्चों को कई तरह से फायदा मिलता है जैसे कि वो फिजिकली फिट बनते हैं और कई तरह के स्किल्स भी सीखते हैं। अगर स्कूल में स्पोर्ट्स नहीं है तो आप स्कूल के स्टाफ से बात करें या आप बच्चे को स्कूल के बाहर किसी एकेडमी में भी कोई स्पोर्ट्स ज्वॉइन करवा सकते हैं।

---

बच्चों को घर पर छोड़कर आए एक दंपति ने सामने वालों के घर पहुंचते ही कहा कि बच्चे पढ़ने में बिजी हैं, इसलिए खाने पर हम दोनों ही आ गए। बातों ही बातों में उन वैज्ञानिक पति और लेक्चरर पत्नी ने यह भी कह दिया कि आप लोगों ने तो मामूली सरकारी नौकरी की है इसलिए आप लोगों की बात अलग है। लेकिन हम आज जिस मुकाम पर है, उस हिसाब से हमने अपने बच्चों के लिए भी कुछ बेंच मार्क्स तय किए हैं। ताकि वह हमसे भी ज्यादा ऊंचे ओहदे पर पहुंचे!

### केस 2

'अरे साब! क्या बात कर रहे हैं, आप तहसीलदार हैं तो रोहित डिप्टी कलेक्टर बनेगा ही। नाक कटवाएगा क्या पिता की'? उधर, तहसीलदार पिता, अपने चापलूस मित्र की बात पर केवल खिसियानी हंसी हंस रहे थे, वे ये नहीं कह पाए कि उनका बेटा अपनी काबिलियत, अपनी रुचि के हिसाब से जो बनना चाहेगा, वही बनेगा। लेकिन बेटा सहम गया। उसे तो सिर्फ उसके आगे आने वाले समय की चिंता थी।

### केस 3

'क्यों रोहन, तुम्हारे पापा शहर के इतने बड़े डॉक्टर हैं, और तुम्हें जरा भी नहीं लगता कि अपने पापा की तरह बनो? उनकी तरह क्या, तुम्हें उनसे चार कदम आगे निकलकर दिखाना होगा न'? तुम्हारे दादा होम्योपैथी के डॉक्टर थे और तुम्हारे पापा ने मेडिसिन में नाम कमाया। जरा मन लगाकर पीएमटी की तैयारी करो। रोहन, जिसे मैथ्स, फिजिक्स जैसे विषयों में दिलचस्पी है, पिता के प्रभाव के आगे कुछ बोल नहीं पा रहा था। हां, मगर चिंता में जरूर पड़ गया कि यदि मैं डॉक्टर नहीं बन पाया तो.?

**माता-पिता बच्चे के जन्म के साथ ही उसके बहुत बड़े अधिकारी बनने के ख्वाब पाल लेते हैं। कई बार तो ये अभिभावक बच्चों की काबिलियत पर भी ध्यान नहीं देते। बड़े अधिकारी का बेटा भी पढ़ाई में बहुत अच्छा होगा, ये जरूरी नहीं है। ऐसे में उस बच्चे से तमाम उम्मीदें बांधना बच्चे के ऊपर कितना बड़ा मानसिक बोझ है!**

ये किस्सा केवल रोहित या रोहन का नहीं है, बल्कि हमारे समाज के अधिसंख्य बच्चों का है, जिनके माता-पिता बच्चे के जन्म के साथ ही उसके बहुत बड़े अधिकारी बनने के ख्वाब पाल लेते हैं। कई बार

अधिकारी का बेटा भी पढ़ाई में बहुत अच्छा होगा, ये जरूरी नहीं है। ऐसे में उस बच्चे से तमाम उम्मीदें बांधना बच्चे के ऊपर कितना बड़ा मानसिक बोझ है! बच्चा ऐसी इच्छाएं सुनकर ही दहशत में आ जाता है। पढ़ाई के बोझ के साथ-साथ मां-बाप का नाम रोशन करने का बोझ उठाए, न ठीक से पढ़ाई कर पाता है, न ही दिमागी सुकून मिल पाता है उसे। पढ़ाई के समय ये तनाव बच्चों के ऊपर जबर्दस्त तरीके से सवार होता है। इस तनाव के शिकार बच्चे का

तो? जैसी चिंता पर ज्यादा केंद्रित रहता है। नतीजतन, न पढ़ाई हो पाती है, न आराम और न ही अगला पेपर अच्छा हो पाता है।

### रिसर्च में भी खुलासा

अमेरिका के मियामी विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 1970 के बाद से बच्चों के प्रति जिस प्रकार अभिभावकों की अपेक्षाएं बढ़ रही हैं, उनसे बच्चों में तनाव का आंकड़ा आश्चर्यजनक रूप से बढ़ा है। प्रो.जेफरी पी.बोस्को का कहना है कि यह ग्राफ वर्ष 70 से लेकर 2000 के बीच में करीब 17 प्रतिशत तक बढ़ा, जो

रहा है। अभिभावकों में बच्चों को पूरे समय पढ़ाते/पढ़ते देखने की अजीबोगरीब रुचि पैदा हो गई है। अधिकांश अभिभावक स्कूल में भी ये शिकायत करते मिल जाएंगे-क्या करें पढ़ता ही नहीं है, टीवी देखता है। अब यदि बच्चे को हर वक्त पढ़ाई में ही जुटा देखने की चाहत अभिभावक की होगी तो उन्हें क्या लगता है, बच्चे सचमुच पढ़ रहे होंगे? ना, बिल्कुल नहीं। पढ़ाई में मन लगने का भी एक निश्चित

है, पढ़िए, जैसे ही मन उचाट हो, किताब बंद कर दीजिए क्योंकि बिना मन के पढ़ाई होगी ही नहीं। मजे की बात, मां-बाप का, बच्चे को खुद से बेहतर बनाने का दवाब अधिकांशत: लड़कों पर ही होता है। इस दवाब की शिकार फिलहाल लड़कियां नहीं हैं। इसके पीछे वही सोच काम कर रही होती है कि लड़की को तो दूसरे के घर जाना है, सो उनका नाम तो लड़के को ही रोशन करना है, तब पूरा ध्यान लड़के पर ही लगाया जाए।

दसवीं का एक बच्चा, जो शाम की क्लास में आता है, उसे मैथ्स नहीं पढ़ना। सबसे कम नंबर उसके मैथ्स में ही आते हैं जबकि दूसरे

माता-पिता उसे बहुत बड़ा इंजीनियर बनाना चाहते हैं और बच्चा अभी से तनाव में है कि यदि उसे किसी भी प्रकार से मैथ्स दिला दी गई, तो वह कैसे पढ़ेगा?

### बच्चों की मानसिकता समझें

पिछले दिनों अखबारों में कई समाचार आए बच्चों द्वारा आत्महत्या किए जाने के। सामान्य तौर पर हमारी प्रतिक्रिया होती है-'अरे! पेपर अच्छा नहीं हुआ था तो उसमें मरने की क्या बात? लेकिन ये हम या आप कह रहे होते हैं न? उस बच्चे पर इस इम्तिहान को लेकर, संबंधित विषय को लेकर घर वालों का कितना दबाव रहा होगा, ये उसकी आत्महत्या से हम समझ सकते हैं। मरना बहुत आसान नहीं होता। एक बच्ची ने आत्महत्या के अपने नोट में लिखा- मेरी अंग्रेजी बहुत कमजोर है। मैं इस विषय में पास नहीं हो पाऊंगी। सोचिए उस बच्ची पर अंग्रेजी का कैसा दवाब रहा होगा? तो माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों की रुचियों का ध्यान रखें और उन्हें अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने को न केवल प्रोत्साहित करें, बल्कि मौके भी तलाशें। आज चुनिंदा विषय नहीं रह गए हैं पढ़ने को, न ही चुनिंदा राहें। हर विषय के बच्चों के लिए काम के पर्याप्त मौके हैं। बच्चों को उनके अपने सपने पूरे करने दें, उनमें अपना सपना साकार न करें। हमारी ये सोच शायद उन्हें तनावमुक्त कर सकें।

---



# अपनी स्किन प्रॉब्लम के हिसाब से बेसन में मिलाकर लगाएं ये चीजें

**मौसम भले कोई भी हो स्किन से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। मगर अक्सर लड़कियां स्किन प्रॉब्लम्स के हिसाब से सही चीजें नहीं चुनती है। इसके कारण समस्या वहीं की वहीं रहती है। वैसे तो स्किन संबंधी समस्याओं से आराम पाने के लिए बेसन का इस्तेमाल करना बेस्ट माना गया है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे बताते हैं कि जिसे आप बेसन में मिलाकर लगाने से फायदा मिलेगा। जानते हैं उन होममेड फेसपैक के बारे में...**

### ऑयली स्किन के लिए बेसन और टमाटर फेसपैक

ऑयली स्किन टाइप वाली लड़कियों को बेसन और टमाटर का फेसपैक लगाना चाहिए। यह चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल साफ करके त्वचा की रंगत निखारने में मदद करता है। इससे चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे, सनटैन की समस्या दूर होने में मदद मिलती है।

#### ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए 1 टमाटर को ब्लेंड करके पेस्ट बनाएं। फिर इसमें जरूरत अनुसार बेसन, कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट या सूखने के बाद फेसपैक को हल्के हाथों से स्क्रब करते हुए उतारे। बाद में ताजे पानी से मुंह धो लें।

### दाग-धब्बे हटाने के लिए बेसन और हल्दी फेसपैक

अगर आप चेहरे पर पड़े दाग-धब्बे, कील-मुंहासे आदि से परेशान है तो बेसन में हल्दी मिलाकर लगाएं। इससे स्किन संबंधी समस्याएं दूर होकर चेहरा साफ, निखरा, मुलायम व जवां नजर आएगा। साथ ही त्वचा की रंगत निखरेगी।

#### ऐसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन, चुटकीभर हल्दी और जरूरत अनुसार गुलाब जल या पानी मिलाएं। अब इसे चेहरे व गर्दन पर 10-15 मिनट तक लगाएं। बाद में इसे पानी से साफ करके मॉश्चराइजर लगा लें।

### झुर्रियां दूर करने के लिए बेसन और दही फेसपैक

झुर्रियों को कम करने के लिए दही और बेसन का फेसपैक बेस्ट माना जाता है। यह ढीली पड़ी स्किन को टाइट करने उसे ग्लोइंग बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही यह त्वचा को नमी देकर बुढ़ापे के लक्षण करता है।

#### ऐसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन और जरूरत अनुसार दही मिलाएं। इसे हल्के हाथों से चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20-30 मिनट के बाद चेहरा धो लें।

### ग्लोइंग स्किन के लिए बेसन और शहद फेसपैक

सनटैन से खराब हुई स्किन पर निखार वापस लाने के लिए आप बेसन और शहद का फेसपैक लगा सकती है। बेसन स्क्रब की तरह काम करके डेड स्किन सेल्स को साफ करता है। वहीं शहद क्लींजिंग एजेंट की तरह काम करके ग्लो लाने में मजज करता है। इसके साथ ही त्वचा में होने वाली जलन, खुजली व रूखापन दूर होगा।



#### ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन और जरूरत अनुसार शहद मिलाएं। इसे चेहरे व गर्दन पर स्क्रब करते हुए लगाएं। 15-20 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में इसे पानी से साफ कर लें।

---



# मानसून मे बनाएं कॉर्न चाट

मानसून में गर्मा-गर्म भुट्टा तो आपने बहुत खाएं होंगे। मगर आ हम आपके लिए खास स्वीट कॉर्न चाय रेसिपी लेकर आए है। इसे आप अपनी मनपसंद सब्जियों से बना सकती है। वहीं स्वीट कॉर्न पोषक तत्व व एंटी-ऑक्सडीटेंस गुणों से भरपूर होती है। ऐ में इसका सेवन करने से टेस्ट के साथ सेहत भी बरकरार रहेगी। जानते हैं इसे बनाने का तरीका...

### सामग्री

फ्रोजन कॉर्न (उबले)- 900 ग्राम, मिर्च पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच, भुना जीरा पाउडर - 2 छोटे चम्मच
नमक- आवश्यकता अनुसार, शिमला मिर्च - 2
नींबू का रस -2 बड़े चम्मच, धनिया - 2 बड़े चम्मच
काली मिर्च - 1/2 छोटा चम्मच
काला नमक - 1 छोटा चम्मच, टमाटर - 1 कप
प्याज - 1, तेल- आवश्यकता अनुसार

### विधि

- एक बाउल में सभी मसाले मिलाएं।
- अलग बाउल में सब्जियां काट कर मिलाएं।
- पैन में तेल गर्म करके मीडियम आंच पर कॉर्न फ्राई करें।
- अब कॉर्न को सब्जियों में मिलाएं।
- इसमें मसाला, नींबू का रस मिलाएं।
- चाट को सर्विंग प्लेट में निकाल कर धनिया से गार्निश करके सर्व करें।

# बच्चों के लिए बनाएं क्रिस्पी चीजी रैप

चीज से आपने बर्गर, पिज्जा तो बहुत खाया होगा। वहीं बच्चों को तो चीज बेहद ही पसंद होता है। चीज प्रोटीन से भरपूर होता है। यह खाने में टेस्टी होने के साथ सेहत को दुरुस्त रखने में मदद करता है। ऐसे में हम आपके लिए खास चीजी रैप की रेसिपी लेकर आए है।

### सामग्री



उबले मैश्ड आलू- 1,1/2, प्याज- 1 (बारीक कटा)
शिमला मिर्च- 1 (बारीक कटी),
चिली फ्लेक्स- 1 छोटा चम्मच,
ऑरिगेनो- 1/2 छोटा चम्मच, ब्रेड स्लाइस- 4,
चीज- 2 बड़े चम्मच (कद्दूकस किया)
नमक- स्वाद अनुसार, तेल- आवश्यकता अनुसार

### विधि

- एक बाउल में आलू, प्याज, शिमला मिर्च, चिली फ्लेक्स, ऑरिगेनो, नमक और चीज डालकर मिलाएं।
- ब्रेड या रोटी को हल्के से दबाकर स्टफिंग भरें।
- ब्रेड पर तेल लगाकर फोल्ड करें।
- पैन में तेल गर्म करके ब्रेड रैंप तल लें।
- इसे सर्विंग प्लेट में निकाल कर टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

# हैल्थ कॉन्शियस है तो खाएं गुजराती खांडवी

बेसन खांडवी गुजरात की फेमस डिशेज में से एक है। यह खाने में टेस्टी और हल्की होती है। इसे खाने से पेट हैल्दी रहता है। मगर अक्सर लोग इसे बनाने में कंफूजर रहते हैं। आप इसे विकेंड में बनाकर खा सकते हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए खास गुजराती खांडवी की रेसिपी लेकर आए है। जानते हैं इसे बनाने की रेसिपी...

### सामग्री

बेसन- 1 कप
अदरक-हरी मिर्च पेस्ट - 1 बड़ा चम्मच
हल्दी पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच
छाछ- 3 कप
हींग- चुटकीभर
राई- 1/2 छोटा चम्मच
नींबू का रस - 1 बड़ा चम्मच
नमक- स्वाद अनुसार
तेल- आवश्यकता अनुसार
नारियल- 2 बड़े चम्मच (कद्दूकस किया)
धनिया- 1 बड़ा चम्मच

### विधि

- एक बाउल में बेसन, नमक, हल्दी, नींबू का रस, अदरक-हरी मि का पेस्ट और छाछ मिलाएं।
- इसे पैन में डालकर लगातार चलाते हुए पकाएं।
- मिश्रण को गाढ़ा घोल होने तक पकाएं।
- अब प्लेट के पिछले हिस्से पर तेल लगाक मिश्रण पतला सा मिश्र फैलाएं।
- मिश्रण के ठंडा होने प इसे दो इंच चौड़ी स्ट्रि में काटकर रोल करें।
- अब अलग पैन में तेल गर्म करके हींग और र भूनें।
- प्लेट में खांडवी रखक ऊपर से हींग और राई का तड़का डालें।
- नारियल और धनिया गार्निश करके सर्व क



## अमेरिका में फ्लोरिडा के टम्पा में बार में गोलीबारी, एक की मौत, छह घायल

टम्पा (अमेरिका)। अमेरिका में फ्लोरिडा के टम्पा शहर में रविवार तड़के एक बार के बाहर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। टम्पा पुलिस विभाग ने बयान जारी कर कहा कि यह गोलीबारी रविवार तड़के करीब तीन बजे एलआईटी सिगार और मार्टिनी लाउंज के बाहर हुई। इसके मुताबिक क्लब के अंदर बहस कर रहे दो समूहों के बीच टकराव हुआ, उसी दौरान एक व्यक्ति ने गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस ने कहा कि इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सभी छह घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। इस संबंध में रविवार दोपहर तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

## अर्थशास्त्र के लिए इस साल नोबेल पुरस्कार की घोषणा जल्द

स्टॉकहोम । अर्थशास्त्र के लिए इस साल नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाले व्यक्ति के नाम की घोषणा स्टॉकहोम में रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ विज्ञान में की जाएगी। इस पुरस्कार के तहत एक करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग नौ लाख अमेरिकी डॉलर) का नकद पुरस्कार दिया जाता है। पुरस्कार 10 दिसंबर को प्रदान किया जाएगा। अन्य नोबेल पुरस्कारों के विपरीत, अर्थशास्त्र के पुरस्कार का उल्लेख अल्फ्रेड नोबेल की 1895 की वसीयत में नहीं था, बल्कि यह पुरस्कार उनकी स्मृति में स्वीडिश केंद्रीय बैंक ने की थी। पहला विजेता 1969 में चुना गया था। पिछले साल अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार डेविड कार्ड तथा जोशुआ एंग्रिस्ट और गुइडो इंबेन्स को दिया गया था। कार्ड को यह पुरस्कार न्यूनतम मजदूरी, आप्रवासन और शिक्षा कैसे श्रम बाजार को प्रभावित करते हैं, इस संबंध में शोध के लिए दिया गया। एंग्रिस्ट और इंबेन्स को पुरस्कार उन विषयों पर अध्ययन के लिए दिया गया, जो पारंपरिक वैज्ञानिक तरीकों से स्पष्ट नहीं होते हैं।

## मध्य वेनेजुएला में लगातार बारिश से भूस्खलन में 22 लोगों की मौत

लास तेजेरियास । मध्य वेनेजुएला के शहर में कई दिन से जारी लगातार बारिश से हुए भूस्खलन में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। सैंटोस मिशेलेना के लास तेजेरियास में पहाड़ी इलाकों से बहकर आए मलबे के कारण 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि 55 अन्य लोग अब भी लापता हैं। उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने बताया कि अभी तक 22 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई थी। उन्होंने कहा, लास तेजेरियास के मध्य क्षेत्र में भीषण भूस्खलन हुआ।''
इस क्षेत्र में पांच नदियों में बाढ़ आ गई है। रोड्रिग्ज ने कहा, हमें 22 लोगों के शव मिले हैं, और 55 लोग अब भी लापता हैं। उन्होंने कहा, अब भी कई लोग फंसे हुए हैं, हम उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूस्खलन के कारण जिन लोगों के मकान तबाह हो गए हैं, उनके लिए आश्रयस्थल बनाए जाएंगे। वेनेजुएला में पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश के कारण देश के 23 राज्यों में से 11 में बाढ़ आ गई है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में बचावकर्मियों व सुरक्षाकर्मियों सहित 20,000 अधिकारियों को तैनात किया गया है।

## किर्गिस्तान ने छह देशों के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास को रदद किया

बिश्केक। किर्गिस्तान ने रूस के नेतृत्व वाले सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) के छह देशों के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास को एकतरफा फैसला लेकर रद्द कर दिया है, जो सोमवार से शुरू होने वाला था। किर्गिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने हालांकि सोमवार से शुक्रवार तक देश के पूर्वी क्षेत्र में होने वाले इस संयुक्त सैन्य अभ्यास-इंडस्ट्रक्टिबल ब्रदरहुड-2022'' कमांड एवं स्टाफ अभ्यास को रद्द करने का कोई कारण नहीं बताया है। खबरों के अनुसार अभ्यास में सीएसटीओ के सदस्यों, रूस, आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान के सैन्य कर्मी शामिल थे और सर्बिया, सीरिया तथा उज्बेकिस्तान समेत पांच और देशों को पर्यवेक्षकों के तौर पर आमंत्रित किया गया था।

## अमेरिकी अमीरों की नाक में दम करने वाली अन्ना सोरोकिन को मिली जेल से रिहाई

वाशिंगटन । अमेरिकी अमीरों और ताकतवर लोगों की नाक में दम करने वाली अन्ना डेल्वी उर्फ अन्ना सोरोकिन की कहानी बेहद दिलचस्प है। जर्मनी के मध्यवर्गीय परिवार की अन्ना ने पूरे अमेरिका को चूना लगाने में महारत हासिल कर ली है। खुद को अमीर बातकर उन्होंने अच्छे-अच्छों की जेब ढीली की है। हालांकि, बाद में उनके ऊपर दुनिया की सबसे बड़ी अदालत में ठगी का मुकदमा चला और वह जेल जा पहुंची। अब खबर है कि अदालत ने राहत देते हुए अन्ना सोरोकिन को जेल से मुक्त कर दिया है। 31 वर्षीय अन्ना सोरोकिन को जेल से तो रिहाई मिल गई है, लेकिन अभी वह हाउस अरेस्ट हैं और उन्हें डिपोर्टेशन टू जर्मनी यानी अमेरिका से जर्मनी भेजे जाने का केस भी लड़ना है। यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट ने उनकी रिहाई की पुष्टि की है और बताया कि उन्हें न्यूयॉर्क शहर के घर में बंद रखा गया है। अन?ना पर अपनी भड़कीली और हाई-फाई लाइफस्टाइल के लिए साल 2019 में न्यूयॉर्क के बैंकों और होटलों से 22,776,765 रुपए की ठगी करने का आरोप हैं। अन्ना सोरोकिन का जीवन भले ही विवादों से घिरा रहा हो, लेकिन उनकी कहानी कई लोगों को थ्रीलिंग लगती है। यहां तक कि पॉपुलर एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स भी अन?ना सोरोकिन की कहानी से बेहद प्रभावित हुआ और उन पर इन्वेंटिंग अन्ना नाम की एक टीवी सीरीज बना डाली। साधारण नैन-नक?श, लेकिन शातिर दिमाग वाली अन्ना सोरोकिन शुरुआत में मास्को में रहती थीं, लेकिन बाद में उनका परिवार जर्मनी में बस गया। दूसरों को अपने जाल में फंसाने के लिए अन्ना खुद को जर्मनी के एक अमीर परिवार की बेटी बताती थीं और कहती थीं कि उनके पिता के 60 मिलियन डॉलर की वह इकलौती वारिस हैं। अन्ना झूठ इतने शातिराना अंदाज में बोलती थीं कि उनके जाल में बड़े-बड़े लोग आसानी से फंस जाते थे।

## ईरान में हिजाब विरोधी प्रदर्शन में अब तक 185 लोगों की मौत

**- सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में सबसे ज्यादा हत्याएं दर्ज की गई**

तेहरान । ईरान में पुलिस हिरासत में हुई छात्रा महसा अमीनी की मौत के बाद से हिजाब के विरोध में 24 दिनों से चल रहा विरोध प्रदर्शन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को भी हिंसक प्रदर्शनों का दौर जारी रहा। एक मानवाधिकार समूह के हवाले से कहा कि अब तक इन प्रदर्शनों में बच्चों सहित कम से कम 185 लोग मारे गए हैं। नॉर्वे स्थित ईरान ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने कहा कि ईरान में चल रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में 19 बच्चों सहित कम से कम 185 लोग मारे गए हैं। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में सबसे ज्यादा हत्याएं दर्ज की गई हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कुर्दिश शहर साकेज़ से शुरू हुए यह प्रदर्शन अब राजधानी तेजरन समेत देश के सभी इलाकों में फैल गए हैं। ईरानी अधिकारियों ने विरोध प्रदर्शनों को संयुक्त राज्य अमेरिका सहित ईरान के दुश्मनों द्वारा एक साजिश बताया है। ईरान का आरोप है कि पश्चिमी देश लोगों को हथियार देकर राज्य कि खिलाफ हिंसा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। राज्य की मीडिया के अनुसार इन हिंसा में सुरक्षा बलों के कम से कम 20 सदस्य मारे गए हैं। हिंसा का आरोप पश्चिमी देशों पर मढ़ते हुए ईरान ने अपने अरबी भाषा के अल-आलम टीवी पर दो फ्रेंच जासूसों की वीडियो को जारी किया है। इस वीडियो में फ्रांसीसी नागरिक 37 वर्षीय सेसिल कोहलर और 69 वर्षीय जैकियस पेरिस देश में चल रहे प्रदर्शनों की जिम्मेदारी लेते दिख रहे हैं। रिकॉर्डिंग में कोहलर कहते हुए दिख रही हैं कि वह और उसका साथी इस्लामी गणराज्य में एक क्रांति को बढ़ाने और ईरानी सरकार को उखाड़ फेंकने की नींव रखने के मुख्य उद्देश्य के साथ ईरान में आए थे। कोहलर ने बताया कि वे दंगों और हड़तालों को वित्तपोषित करने और अराजकता फैलाने के प्रयास में हथियार खरीदने के लिए बड़ी मात्रा में नकदी लाए थे। ईरान के अनुसार जासूस यदि आवश्यक होता तो हथियारों का इस्तेमाल पुलिस के खिलाफ लड़ने के लिए करना चाहते थे।

## सरकार विरोधी संदेश के साथ ईरानी स्टेट टीवी किया हैक

तेहरान । महसा अमीनी की मौत के बाद ईरान में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। आंदोलन तेज हो गया है और यह चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों का समर्थन करने वाले संदेश के साथ लाइव प्रसारण के दौरान ईरान के राज्य टीवी को हैक कर लिया गया। शनिवार को रात के 9 बजे के शो के दौरान, स्क्रीन पर अचानक एक मुखौटा दिखाई दिया, जिसके बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की तस्वीर आग की लपटों के साथ दिखाई दी। तस्वीर पर फारसी में टेक्सट लिखा हुआ था, जिसमें कहा गया था कि हमारे युवाओं का खून आपके हाथों पर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार टीवी को हैक करने के बाद ईरानी नैतिकता पुलिस की हिरासत में दम तोड़ने वाली 22 वर्षीय महसा अमीनी सहित प्रदर्शन में मरने वालों की तस्वीरें दिखाई गईं।



यंगून में पूर्णिमा के अवसर पर लोगों ने मौमबत्ती जलाकर रौशनी की।

## इस्लामाबाद के सेंटॉरस मॉल में लगी आग से कोई हताहत नहीं

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में स्थित सेंटॉरस मॉल में रविवार को भीषण आग लगने के कारण हड़कंप मचा रहा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह आग तीसरी मंजिल पर लगी थी और देखते ही देखते बेहद तेजी से इमारत के ऊपरी हिस्से में फैलते हुए 20वीं मंजिल तक जा पहुंची। इस घटना में फिलहाल किसी के हताहत नहीं होने की खबर है। आग और धुएं के कारण मॉल में भगदड़ मच गई थी। यहां लगी आग और धुएं को कई किलोमीटर दूर तक देखा गया। सूचना मिलने पर आग की लपटों पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां भी घटनास्थल पर पहुंच गईं थी। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

सोशल मीडिया पर कई वीडियो लोगों ने पोस्ट किए हैं और इस भयानक हादसे को लेकर तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। अधिकतर लोगों ने आग के कारण लोगों की सलामती की दुआ ही मांगी है और इस हादसे में किसी की मौत होने की खबर नहीं है। ऐसा बताया जा रहा है कि किसी रेस्तरां में गैस सिलेंडर में आग लगने के कारण यह हादसा हुआ। इस घटना का वीडियो ट्विटर पर शेयर करते हुए पाकिस्तान के एक शख्स ने लिखा है कि सेंटॉरस मॉल हादसे में किसी की जान नहीं गई है, गनीमत है. लेकिन अब इस्लामाबाद शहर की हाईराइज इमारतों में आग पर काबू पाने के सभी उपकरण और इंतजाम होने चाहिए। ऐसा हेलीकॉप्टर भी होना चाहिए जिसकी मदद से ऐसे हालातों में लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।

# रूस का यूक्रेनियन को नष्ट कर उन्हें धरती के नक्शे से मिटा देने का प्रयास: जेलेंस्की

**कीव (एजेंसी)।**

क्रीमिया से जोड़ने वाले पुल पर हमले के बाद भड़के रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे भीषण हमला किया है। राजधानी कीव सहित पूरे यूक्रेन में कई विस्फोटों की खबरों के बीच देश के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस पर यूक्रेनियन को 'नष्ट करने और उन्हें धरती के नक्शे से मिटा देने' का प्रयास करने का आरोप लगाया है। जेलेस्की ने कहा कि हम आतंकियों से जूझ रहे हैं। दर्जनों रॉकेट और ईरानी आत्मघाती ड्रोन हमला किया जा रहा है। उन्होंने हमले का ऐसा समय चुना है, जिससे की ज्यादा से ज्यादा नुकसान किया जा सके।



यूक्रेन पर इस तरह के हमले के बाद जेलेंस्की भी भड़के हैं। उन्होंने इन हमलों को आतंकी साजिश बताया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने खुद वीडियो जारी करके अपने देश के लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा है कि रूस आतंकी हमला कर रहा है, इसकारण घर के अंदर ही रहें। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि उनके दफ्तर के पास हमला किया गया है। उन्होंने कहा, रूस दो जगहों को टारगेट कर रहा है, एक है एनर्जी फैसिलिटी और दूसरा यूक्रेन के लोग।

कीव में भीषण विस्फोट, 8 की मौत, 24 अन्य घायल

यूक्रेनी अधिकारी ने बताया कि कीव में रूसी मिसाइलों के हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। कीव में सोमवार तड़के कई जोरदार धमाके हुए। आने वाली मिसाइलों की आवाज़ के बाद कीव में बड़े विस्फोटों की सूचना मिली है। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं थी। यूक्रेन के पश्चिम में ल्वीव, टेरनोपिल और ज़ाइटॉमिर में और मध्य यूक्रेन के डीनिप्रो में भी विस्फोट हुए। स्वितलाना वोडोलगा ने कहा कि बचावकर्मी अब विभिन्न स्थानों पर काम कर रहे हैं।

कीव में कुछ महीने अपेक्षाकृत शांति रहने के बाद तड़के कई विस्फोट हुए। कीव के मेयर विताली क्लित्चको ने कीव के बीचों-बीच शेवचेंको में विस्फोट होने की जानकारी दी। इस इलाके में कई सरकारी कार्यालय हैं। यूक्रेन की सांसद लेसिया वासिलेंको ने मध्य कीव में स्थित 'कीव नेशनल यूनिवर्सिटी' की मुख्य इमारत के निकट हुए विस्फोट की तस्वीर ट्वीट की। पहले के हमलों में कीव के बाहरी इलाकों को निशाना बनाया गया था, लेकिन इस बार शहर के बीचों-बीच स्थित कई जगहों को निशाना बनाया गया। यूक्रेनी मीडिया ने ल्वीव, तेरनोपिल, खमेलनित्सकी, जितोमिर और क्रोपिव्नित्स्की समेत कई अन्य स्थानों पर भी विस्फोट की जानकारी दी है। हाल में जपोरिजिया समेत क्रीमिया के उत्तर में स्थित क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। रूस ने जपोरिजिया में शनिवार को छह मिसाइल दागीं।

## चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र को दिया जा रहा एक नया आकार: पेनी वोंग

**कैनबरा (एजेंसी)।**

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों का मानना है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आर्थिक व रणनीतिक दोनों रूप से एक नया आकार दिया जा रहा है। वोंग ने इस बात पर जोर दिया कि चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच क्षेत्र को नया आकार देने में भारत के साथ साझेदारी अहम है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में वोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत व्यापक रणनीतिक साझेदार हैं। उन्होंने कहा कि हम 'क्वाड' में भी साथ हैं। हम कई मायनों में परस्पर भागीदार हैं और सबसे अधिक हम एक क्षेत्र, हिंद-प्रशांत को लेकर साथ हैं 'क्वाड' एक चार पक्षीय सुरक्षा वार्ता है, जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

न्यूजीलैंड की यात्रा संपन्न करने के बाद जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा पहुंचे, जहां उन्होंने वोंग से मुलाकात की। वोंग ने जयशंकर के साथ 13वीं 'विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता' (एफएमएफडी) के बाद कहा गहरे संबंधों व विशेषज्ञता के हमारे अपने क्षेत्रों के साथ। हमारा एक साझा हित है कि हमारा क्षेत्र स्थिर, समृद्ध बना रहे व संप्रभुता का सम्मान करे। जहां किसी देश को किसी विकल्प को चुनने की जरूरत न हो, बल्कि वह अपने स्वयं के संप्रभु विकल्प विकसित करे। हम नहीं चाहते कि किसी एक देश का दबदबा हो या किसी देश का वर्चस्व हो।

भारत, अमेरिका और कई विश्व ताकतें इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी के बीच एक स्वतंत्र, मुक्त व संपन्न हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। चीन लगभग पूरे विवादित दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपींस, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर अपना दावा करते हैं। चीन ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान भी स्थापित किए हैं। वोंग ने कहा हम दोनों का मानना है कि हमारा क्षेत्र आर्थिक व रणनीतिक रूप से एक नया आकार ले रहा हैं।

## मेक्सिको में 57 छात्र रहस्यमय ढंग से जहर के शिकार

**- छात्रों को ?किया अस्पताल में भर्ती, दो सप्ताह में तीसरी वारदात से सहमे लोग**

**मेसिको सिटी (एजेंसी)।**

मेक्सिको के दक्षिणी राज्य चियापास के एक ग्रामीण सेकेंडरी स्कूल में एक अज्ञात पदार्थ से कम से कम 57 छात्रों को जहर दे दिया गया। चियापास के स्कूलों में सामूहिक जहरखुरानी की ये लगातार तीसरी घटना थी। जिसने छात्रों को डरा दिया और उनके माता-पिता के बीच इससे नाराजगी फैल गई है। मैक्सिकन सोशल सिक्योरिटी इंस्टीट्यूट ने बताया कि बोचिल के ग्रामीण समुदाय के 57 किशोर छात्र जहर के लक्षणों के साथ स्थानीय अस्पताल पहुंचे थे। संस्थान ने कहा कि उनमें से एक छात्र की हालत नाजुक थी। जिसे राज्य की राजधानी के एक अस्पताल में भेज दिया गया। जबकि बाकी की हालत स्थिर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने जहरखुरानी के बारे में किसी कारण पर अटकलें नहीं लगाईं। जबकि स्थानीय मीडिया ने कहा कि कुछ माता-पिता का मानना है कि छात्रों को दूषित पानी या भोजन से ये घटना हुई है। बोचिल के नेताओं ने एक बयान में कहा कि वे इन घटनाओं से नाराज हैं और राज्य अभियोजक की जांच में सहयोग कर रहे हैं। उधर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में स्कूल में एक अराजक दृश्य दिखाई दे रहा है। जिसमें स्कूली वर्दी में किशोरों को ले जा रहे वयस्क चिंतित दिख रहे हैं। राज्य अभियोजक के कार्यालय ने कहा कि उसने जहर के लिए 15 टेस्ट किए थे। जिनका नतीजा सभी अवैध ड्रग्स के लिए निगेटिव था। जबकि स्थानीय मीडिया और सोशल मीडिया पर प्रसारित रिपोर्ट में कहा गया कि छात्रों में कोकीन के टेस्ट का नतीजा पॉजिटिव आया था। हाल ही में एक फेसबुक वीडियो में दिखाया गया कि दर्जनों माता-पिता माध्यमिक विद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट में इकट्ठा हुए। एक माइक्रोफोन पर उन्होंने अधिकारियों से इस घटना के बारे में जवाब मांगा।

## हमारा मिसाइल प्रक्षेपण करना दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए 'स्पष्ट चेतावनी' था: उत्तर कोरिया

**सियोल। (एजेंसी)।**

उत्तर कोरिया ने कहा है कि हाल में किए गए उसके कई सारे मिसाइल प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए ''एक स्पष्ट चेतावनी'' थे। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने सोमवार को बताया कि देश के नेता किम जोंग-उन ने आने वाले दिनों में और परीक्षण करने के संकेत भी दिए हैं। 'केसीएनए' के अनुसार, किम ने कहा कि प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए ''एक स्पष्ट चेतावनी'' थे, जो उन्हें उत्तर कोरिया के रुख उसकी परमाणु व हमले की क्षमताओं के बारे में बताता है।

उत्तर कोरिया के सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की 77वीं वर्षगांठ के मौके पर इस बयान को जारी करने का मकसद किम के प्रति जन एकता को मजबूत करने का एक प्रयास प्रतीत होता है क्योंकि वह इस समय वैश्विक महामारी से उत्पन्न आर्थिक परेशानियों और अमेरिका-




दक्षिण कोरियाई सैन्य गठबंधन के कारण सुरक्षा चिंताओं का सामना कर रहे हैं। 'केसीएनए' के अनुसार, ''सात बार सामरिक परमाणु संचालन इकाइयों का अभ्यास वास्तव में युद्ध करने की क्षमता को दिखाता है... परमाणु लड़ाकू बल किसी भी समय, किसी भी स्थान पर किसी को भी निशाना बनाने को तैयार हैं।'' 'केसीएनए' ने कहा कि मिसाइल परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाओं के नौसैनिक अभ्यास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई है। अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैन्य बलों के नौसेनिक अभ्यास में परमाणु शक्ति युक्त विमानवाहक पोत 'यूएसएस रोनाल्ड रीगन' भी शामिल है। 'केसीएनए' ने कहा कि अभ्यास को एक सैन्य खतरा मानते हुए उत्तर कोरिया ने अपनी युद्ध क्षमताओं को परखने, उसमें सुधार करने और अपने दुश्मनों को आगाह करने के लिए यह निर्णय लिया है। उत्तर कोरिया इस तरह के अभ्यास को युद्ध का पूर्वाभ्यास बताता है।

# अमेरिका: सिख परिवार की हत्या का आरोपी 17 साल पहले भी जा चुका है जेल

**सैन फ्रांसिस्को। (एजेंसी)।**

कैलिफोर्निया में आठ महीने की बच्ची समेत भारतीय मूल के एक सिख परिवार के अपहरण और हत्या में शामिल व्यक्ति पहले भी जेल जा चुका है। सत्रह साल पहले यह व्यक्ति जिस परिवार के लिए काम करता था, उसे इसने बंदूक दिखाकर बंधक बना लिया था और फिर उसके साथ लूटपाट की थी। साथ ही परिवार को धमकी भी दी थी। कैलिफोर्निया के सुधार एवं पुनर्वास विभाग के अनुसार चार सदस्यों वाले सिख परिवार के अपहरण और हत्या के आरोप में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किए गए जीसस सालगाडो को 2007 में एक मामले में 11 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। बाद में उसे रिहा कर दिया गया था। सालगाडो ने जिस परिवार का अपहरण किया, उसमें आठ महीने की बच्ची आरोही ढेरी, उसकी 27 वर्षीय मां जसलीन कौर, 36 वर्षीय पिता जसदीप सिंह, और 39 वर्षीय चाचा अमनदीप सिंह शामिल थे। विभाग ने कहा कि उस पर प्रतिबंधित पदार्थ रखने का भी आरोप है। लगभग दो दशक पहले सालगाडो, ट्रक कंपनी के मालिक एक परिवार के लिए काम करता था, लेकिन 2004 में उसे काम पर से हटा दिया गया था क्योंकि परिवार को उस पर पैसे चोरी करने का संदेह था। परिवार के सदस्यों ने 'लॉस एंजेलिस' टाइम्स को यह जानकारी दी। परिवार की सदस्य कैथी और उनकी बेटी कैटरीना ने जब पहली बार सालगाडो की सीसीटीवी तस्वीरें देखीं, तो पहली नजर में वे उसे नहीं पहचान सकीं। सालगाडो अब 48 साल का हो चुका है, उसकी उम्र काफी हो गई है, लिहाजा कैथी और कैटरीना को यकीन नहीं हुआ कि उसी ने 17 साल पहले उन्हें बंदूक दिखाकर लूटपाट की थी। उन्होंने पाया कि दोनों अपराधों के तरीके में बहुत समानता है। इनमें परिवार के घर में बंदूक दिखाकर उन्हें भयभीत करना और फिर जान से मारने की धमकी देकर अपने आदेशों का पालन करने के लिए मजबूर करना शामिल है। घटना के समय 16 साल की रहीं







कैटरीना ने याद करते हुए बताया कि 19 दिसंबर 2005 को वह नकाब पहनकर घर में घुसा और पिता की कनपटी पर पिस्तौल तान दी। इसके बाद उसने उनके हाथ टेप से बांध दिए।

कैथी और कैटरीना ने बताया कि सालगाडो ने परिवार और कैटरीना से मिलने आई उसकी दोस्त को घेर लिया और फिर उन्हें गैरेज में ले गया, जहां परिवार ने नकदी और आभूषण रखे हुए थे। लूटपाट करने के बाद सालगाडो परिवार को मकान के पिछले हिस्से में बने पूल में ले गया और फिर उनसे पूल में कूदने के लिए कहा। परिवार के पूल में कूदने के बाद वह वहां से भाग गया। परिवार ने पुलिस को शिकायत दी, जिसके कुछ दिन बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

क्रांति समय

मंगलवार 11-अक्टूबर 2022

देश

7

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1


## सार समाचार

### दिल्ली भर में एक हजार चार्जिंग पॉइंट स्थापित किए गए: दिल्ली सरकार

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने एकल खिड़की सुविधा के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए एक साल से भी कम समय में 1,000 'चार्जिंग पॉइंट' स्थापित किए हैं। एक सरकारी बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई है। सरकार की योजना अगले तीन साल में 18000 'चार्जिंग पॉइंट' स्थापित करने की है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि सरकार का लक्ष्य शहर भर में ईवी चार्जिंग की अवसंरचना को मजबूत करना है और पूरी दिल्ली में तीन किलोमीटर के दायरे में निजी और सार्वजनिक चार्जिंग सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की योजना अगले तीन साल में 18000 'चार्जिंग पॉइंट' स्थापित करने की है ताकि दिल्ली के लोग इलेक्ट्रिक वाहनों का चयन आसानी से कर सकें। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार चाहती है कि 2024 तक राष्ट्रीय राजधानी में खरीदी जाने वाली हर चार में से एक गाड़ी इलेक्ट्रिक हो। सरकार ने नवंबर 2021 में, दिल्ली में निजी और अर्ध-सार्वजनिक स्थानों में ईवी 'चार्जर' की स्थापना के लिए एकल खिड़की सुविधा की शुरुआत की थी।

### जेल में बंद संजय राउत ने कहा, शिवसेना का नया चुनाव चिह्न क्रांति लाएगा

मुंबई । महाराष्ट्र में शिवसेना पार्टी को लेकर शिंदे और ठाकरे के गुट आमने-सामने हैं, वहीं चुनाव आयोग ने पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर रोक लगाने का बड़ा फैसला लेकर दोनों गुटों को चौंका दिया। शिवसेना का नाम अब दोनों गुटों द्वारा इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। साथ ही धनुष-बाण के चुनाव चिह्न को भी फ्रीज किया गया है। शिवसेना के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े घटनाक्रम में सांसद संजय राउत जेल में हैं। चुनाव आयोग द्वारा शिवसेना के नाम और चुनाव चिन्ह को सीज करने के बाद राउत की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। राउत ने कहा कि शिवसेना का नया चुनाव चिह्न क्रांति लाएगा। जिन पार्टियों के चुनाव चिन्ह पहले फ्रीज हुए थे, वे बड़े हो गए हैं। राउत ने विश्वास जताया है कि हम भी आगे बढ़ने वाले हैं। हालांकि राउत अब राजनीति में सक्रिय नहीं हैं, लेकिन वे जेल से राजनीतिक मामलों पर नजर रखते हैं। जेल में रोज सुबह आने वाले अखबारों के जरिए संजय राउत राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं। राउत ने कहा कि हमारे पास शिवसेना की भावना है। भविष्य में हम और अधिक सक्षम होंगे और सेना का नया प्रतीक इसमें क्रांति लाएगा। समय आ गया है कि कई पार्टियां चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दें। जिन पार्टियों के साइन पहले से फ्रीज हुए थे, वे बढ़ गए हैं।

### लुधियाना सेंट्रल जेल में सर्च आपरेशन, 6 मोबाइल और 55 पाउच जर्दा बरामद

लुधियाना । लुधियाना सेंट्रल जेल से मोबाइल फोन व प्रतिबंधित वस्तुओं का मिलना निरंतर जारी है। पुलिस ने 6 मोबाइल और 55 पाउच जर्दा (तंबाकू) बरामद किया है। उनमें से 5 मोबाइल तथा 54 पाउच जर्दा लावारिस हालत में मिले, जबकि एक मोबाइल व एक पाउच जर्दा दो हवालातियों के कब्जे से बरामद किए। हवलदार गुरप्रीत सिंह ने बताया कि सहायक जेल सुपरिंटेंडेंट सतनाम सिंह की शिकायत पर अज्ञात कैदियों व हवालातियों के खिलाफ एक केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि 4 अक्टूबर को सेंट्रल जेल की बैरक नंबर 1 तथा 4 के बाथरूम में से 5 मोबाइल फोन बरामद किए गए। जबकि बैरक नंबर 6 में ली गई तलाशी के दौरान 54 पैकेट जर्दा बरामद किया गया। कैदी व हवालातियों ने प्रतिबंधित वस्तुओं को जेल में रखकर नियमों का उल्लंघन किया है। एएसआइ गुरमीत सिंह ने बताया कि दूसरे केस में पुलिस ने सहायक जेल सुपरिंटेंडेंट कश्मीर लाल की शिकायत पर कैदी दलजीत सिंह तथा हवालाती अमनिंदर सिंह उर्फ प्रिंस को नामजद किया है। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर को जेल में हुई सर्च के दौरान दोनों आरोपितों के कब्जे से एक मोबाइल तथा एक पाउच जर्दा बरामद किया गया।

### चेक बाउंस होने पर खैर नहीं, नहीं खुलेगा नया खाता!

नई दिल्ली। देश में चेक बाउंस होने पर प्रभावी तरीके से निपटने सख्त सख्त कदम उठाने की तैयारी की जा रही है। वित्त मंत्रालय ने चेक जारी करने वाले के अन्य खातों से पैसा काटने और नए खाते खोलने पर रोक लगाने जैसे कई कदम उठाने पर विचार कर रहा है। चेक बाउंस के बढ़ते मामलों को देखते हुए मंत्रालय ने हाल में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई थी, जिसमें कई सुझाव प्राप्त हुए हैं। ऐसे मामलों से कानूनी मामले बढ़ रहे हैं जिनमें कानूनी प्रक्रिया से पहले ऐसे कदम उठाने होंगे। मसलन चेक जारी करने वाले के खाते में पर्याप्त पैसा नहीं है, तो उसके अन्य खातों से राशि काट लेना। सूत्रों ने बताया कि अन्य सुझावों में चेक बाउंस के मामले को कर्ज चूक की जानकारी ऋण सूचना कंपनियों को देना शामिल है। जिससे कि व्यक्ति के रेटिंग अंक कम किए जा सकें सुझावों को स्वीकार करने से पहले कानूनी राय ली जाए भुगतानकर्ता को चेक का भुगतान करने पर मजबूर होना पड़ेगा। मामले को अदालत तक ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे कारोबारी सुगमता बढ़ेगी। खाते में पर्याप्त पैसा नहीं होने के बावजूद जानते-बूझते चेक जारी करने पर भी रोक लगेगी।

### तेमसुला ने पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक धरोहर को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी: राष्ट्रपति मुर्मू



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साहित्यकार डॉ. तेमसुला आओ के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि उन्होंने पूर्वोत्तर की संस्कृति को अपनी साहित्यिक कृतियों के जरिये प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। राष्ट्रपति भवन ने मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, 'डॉ. तेमसुला आओ के निधन से हमने एक शानदार लेखिका एवं मानव जाति विज्ञानविद् को खो दिया जिन्होंने महिला सशक्तिकरण में बहुमूल्य भूमिका निभायी थी।' राष्ट्रपति ने कहा, 'पद्मश्री से सम्मानित डा. आओ ने पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। ' ज्ञात हो कि साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त ओओ को साहित्य के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए ''पद्मश्री'' से भी सम्मानित किया जा चुका है। वह 76 वर्ष की थीं।

### लोगों को ऑनलाइन शिकार बना रहे फर्जी चिकित्सक, राज्य सरकार इन पर लगाए प्रभावी अंकुश: हाईकोर्ट

बेंगलुरु । कर्नाटक हाईकोर्ट ने छद्म चिकित्सकों और इंस्टाग्राम के जरिए मरीजों को आकर्षित करने वाले डाक्टरों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने के लिए कुछ नियामक उपाय करने की सरकार को सलाह दी है। हाईकोर्ट ने आगाह किया है कि कोई प्रभावी प्रशासनिक निगरानी नहीं होने की वजह से बड़ी संख्या में लोग ऐसे फर्जी ऑनलाइन चिकित्सकों के शिकार हो रहे हैं। आपराधिक मामला रद्द करने का अनुरोध करने वाली ऐसी ही एक 'प्रभावशाली' महिला की याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने दो सितंबर के अपने फैसले में कहा था 'इस तरह के चिकित्सकों की सोशल मीडिया पर भरमार है। वास्तव में वे न तो नैतिकता से बंधे हैं न मानदंडों से विनियमित हैं। इस तरह के मामले बड़े पैमाने पर सामने आने लगे हैं, जिसमें इलाज के इच्छुक लोग छद्म चिकित्सकों के शिकार हो जाते हैं। अदालत ने कहा 'सार्वजनिक डोमेन में ऐसे चिकित्सकों की एक बड़ी संख्या है। सोशल मीडिया पर चिकित्सक खुद को ऐसे पेश करते हैं जैसे वे इस पेशे से जुड़े हों। यह सार्वजनिक डोमेन में भी है कि वे छद्म चिकित्सक हैं जो इंस्टाग्राम के जरिये प्रभावित करते हैं। जस्टिस एम नागप्रसन्ना बेंगलुरु की रहने वाली 28 साल की संजना फर्नांडिस उर्फ रवीरा की आपराधिक याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिकाकर्ता के खिलाफ शंकर गणेश पीजे ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामला अब एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष लंबित है, जिसमें उस पर भारतीय दंड संहिता 'आईपीसी' और सूचना प्रौद्योगिकी 'आईटी' अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी के अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

### पिज्जा में कांच के टुकड़े मिलने की जांच करेगा डोमिनोज

मुंबई । मुंबई के एक व्यक्ति द्वारा डोमिनोज पिज्जा में पाए गए कांच के टुकड़ों की तस्वीरें मुंबई पुलिस के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट करने के एक दिन बाद कंपनी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। ग्राहक अरुण कोल्लूरी ने पिज्जा आउटलेट द्वारा बेचे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि उन्हें ऑनलाइन ऑर्डर किए गए पिज्जा में 'कांच के टुकड़े' मिले, हालांकि डोमिनोज के आउटलेट और डिलीवरी की तारीख का उल्लेख नहीं किया गया है। मुंबई पुलिस ने उसे सलाह दी कि वह किसी भी कानूनी कार्रवाई से पहले डोमिनोज के कंज्यूमर केयर को लिखें।

# 'शहरी नक्सली' गुजरात में प्रवेश की फिराक में, राज्य उन्हें बर्बाद कर देगा: नरेन्द्र मोदी

भरूच। (एजेंसी)।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि ''शहरी नक्सली''अपना चोला बदलकर गुजरात में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन यह राज्य उन्हें बर्बाद कर देगा। यहां भरूच जिले में देश के पहले ''बल्क ड्रग पार्क'' की आधारशिला रखने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही और आम आदमी पार्टी पर करारा हमला किया। एक सरकारी बयान में कहा गया वर्ष 2021-22 में इन ड्रग्स का दवाइयों के कुल आयात में 60 प्रतिशत से अधिक का योगदान था और यह परियोजना आयात प्रतिस्थापन सुनिश्चित करने और थोक दवाओं के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मोदी ने कहा, ''शहरी नक्सली नए रूप में राज्य में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपना चोला बदल लिया है। वह हमारे मासूम और ऊर्जावान युवाओं को गुमराह कर रहे हैं।'' ज्ञात हो कि इस साल के अंत में गुजरात विधानसभा के चुनाव होने हैं। आम आदमी पार्टी यहां अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने में लगी हुई है। इस कड़ी में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल कई बार गुजरात का दौरा भी कर चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''शहरी नक्सली ऊपर से आकर यहां पैर जमाने की कोशिशें कर रहे हैं। हम अपनी युवा पीढ़ी को बर्बाद होने नहीं देंगे। हमें देश को बर्बाद करने पर तुले इन शहरी नक्सलियों से अपने युवाओं को बचाना है। वे विदेशी शक्तियों के एजेंट हैं। गुजरात उनके समक्ष कभी अपना शीश नहीं झुकाएगा। गुजरात उन्हें बर्बाद कर देगा।'' राजनीतिक गलियारों में एक वर्ग की ओर से ''शहरी नक्सली'' शब्द का इस्तेमाल नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं किया जाता है। मोदी ने कहा कि ''नक्सली मानसिकता वालों'' ने सरदार सरोवर बांध परियोजना को रोकने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। पिछले महीने गुजरात दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि ''शहरी नक्सली विकास विरोधी तत्व'' होते हैं और उन्हें राजनीतिक समर्थन हासिल होता है। उन्होंने कहा था कि नर्मदा नदी में सरदार सरोवर बांध परियोजना को अभियान चलाकर कई वर्षों तक रोका गया और कहा गया कि इससे पर्यावरण को नुकसान होगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी पिछले दिनों आरोप लगाया था कि ''शहरी नक्सलियों'' ने इस परियोजना का विरोध किया था। उन्होंने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को ''शहरी नक्सल'' करार दिया था। बहरहाल, मोदी ने कहा, ''मैं विशेष रूप से अपने आदिवासी भाइयों से कहना चाहता हूं कि नक्सलवाद की शुरुआत पश्चिम बंगाल, झारखंड बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में हुई। नक्सलवाद हमारे आदिवासी युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है।''

# किडनी ट्रांसप्लांट करने आज सिंगापुर जाने वाले हैं लालू प्रसाद यादव

## बेटी रोहिणी रहेगी उनके साथ

पटना (एजेंसी)।

राजद सुप्रीमो और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव सिंगापुर जाने वाले हैं। लालू सिंगापुर में अपनी बेटी रोहिणी आचार्या के यहां रहकर अपना इलाज कराएंगे। लालू को किडनी में समस्या है। सिंगापुर में किडनी से जुड़ी बीमारी के ठीक होने का प्रतिशत काफी अच्छा है। इसकारण, लालू ने इलाज के लिए सिंगापुर को चुना है। लालू मंगलवार को शुभ दिन पर सिंगापुर रवाना होने वाले हैं। इसके पूर्व मीडिया से बात कर लालू ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। लालू ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त कर कहा कि हमने, नेताजी और शरद यादव ने सदन को लड़ाकू बनाया।

लालू सिंगापुर में ही किडनी ट्रांसप्लांट कराना चाहते हैं। इसकी कुछ खास वजहें हैं। पहली वजह ये कि उनकी बेटी रोहिणी वहीं रहती हैं। उनके पति समरेश सिंह लालू के दोस्त राय रणविजय सिंह के बेटे हैं। वे सिंगापुर में कम्प्यूटर इंजीनियर हैं। बेटी-दामाद के रहने के कारण लालू को सिंगापुर में इलाज करवाने में आसानी रहेगी। दूसरी बात, कि सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्?लांट की सफलता का आंकड़ा भारत से बेहतर है। वहां जीवित डोनर से किडनी ट्रांसप्लांट की सफलता दर 98.11 प्रतिशत है। वहीं, मृत डोनर से ट्रांसप्?लांट की सफलता दर 94.88 प्रतिशत है। भारत में किडनी ट्रांसप्लांट की सफलता दर करीब 90 प्रतिशत है। किडनी ट्रांसप्लांट को लेकर सिंगापुर के प्रावधान भी भारत से अलग हैं। बता दें कि रांची की विशेष सीबीआई कोर्ट ने 16 सितंबर 2022 को लालू की याचिका पर सुनवाई कर उनके पासपोर्ट को रिलीज कर दिया था। लालू ने कोर्ट को पहले ही बताया था कि उन्होंने सिंगापुर के एक अस्पताल में इलाज के लिए अपॉइंटमेंट ले लिया है। चारा घोटाले के पांच मामले में सजायाफ्ता लालू के पासपोर्ट को अदालत में जमा कराना पड़ा था।

# देश के 11 राज्यों में वर्षा का योग, यूपी में पिछले 48 घंटों में वर्षा जनित हादसों में 27 लोगों की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)।



देश के अधिकांश राज्यों से मानसून की वापसी हो चुकी है, लेकिन वर्षा का क्रम अब तक नहीं रुका है। पिछले कई दिनों से हो रही बरसात ने लोगों के लिए भारी परेशानी पैदा कर दी है। जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित देश के कई राज्यों में मूसलाधार बारिश हुई। पिछले 48 घंटों में वर्षा जनित हादसों में उत्तर प्रदेश में 27 से अधिक लोगों की मौत हुई है।

भारी वर्षा की वजह से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए यूपी के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश के झांसी, जालौन, बांदा, हमीरपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, हरदोई, कन्नौज, औरैया, इटावा, मैनपुरी जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

इसके अलावा फर्रुखाबाद, एटा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, संभल, अमरोहा, हापुड़, गाजियाबाद और मेरठ में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि अगले 2 दिनों के दौरान उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा आईएमडी ने बताया है कि अगले 5 दिनों के दौरान तमिलनाडु और रायलसीमा में और अगले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने बताया है कि दक्षिण कर्नाटक के अंदरूनी इलाकों में 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक भारी बारिश हो सकती है। वहीं कर्नाटक के उत्तरी हिस्सों में 10 और 11 अक्टूबर को बारिश हो सकती है। वहीं बिहार में 11 और 12 अक्टूबर को भारी बारिश की संभावना है। पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 12 अक्टूबर तक बारिश की आशंका है। स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक 12 अक्टूबर से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में बारिश कम हो जाएगी। वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्वी और मध्य भागों व पूर्वी मध्य प्रदेश में 13 अक्टूबर तक कुछ हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। इन राज्यों के कुछ और हिस्सों से 15 अक्टूबर तक मानसून की वापसी शुरू हो जाएगी।

# महाराष्ट्र में 'भारत जोड़ो यात्रा' का स्वागत कर सकते हैं शरद पवार

नयी दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के महाराष्ट्र में प्रवेश करने पर इसका स्वागत कर सकते हैं। कांग्रेस से जुड़े विश्वस्त सूत्रों ने यह जानकारी दी है। यह यात्रा नौ नवंबर को महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी सूत्रों ने बताया, ''शरद पवार और उनकी सांसद पुत्री सुप्रिया सुले ने इच्छा जताई है कि वे इस यात्रा का महाराष्ट्र में स्वागत करना चाहते हैं। ऐसे में संभव है कि वे इस यात्रा का स्वागत करें।'' राहुल गांधी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने गत सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत की थी। इन दिनों यात्रा कर्नाटक में है। यात्रा का समापन अगले साल की शुरुआत में कश्मीर में होगा। इस यात्रा में कुल 3570 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। पार्टी ने राहुल समेत उन 119 नेताओं को भारत यात्री नाम दिया है, जो पदयात्रा करते हुए कश्मीर तक जाएंगे। कांग्रेस का मानना है कि यह यात्रा उसके लिए संजीवनी का काम करेगी। यात्रा के आरंभ होने से पहले कांग्रेस ने सभी समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों और संगठनों का आह्वान किया था कि वे इस यात्रा का हिस्सा बनें। इस यात्रा की शुरुआत के मौके पर कन्याकुमारी में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक नेता एमके स्टालिन मौजूद थे।

# फडणवीस का आरोप, ठाकरे गुट को पता था कि उसका मामला कमजोर

मुंबई (एजेंसी)।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट पर चुनाव आयोग (ईसी) के समक्ष सुनवाई के दौरान जानबूझकर समय बर्बाद करने का आरोप लगाया, क्योंकि ठाकरे गुट को पता था कि उसका मामला कमजोर है। आयोग ने शिवसेना के 'धनुष और तीर' के चुनाव चिन्ह को सील कर ठाकरे और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले समूहों को 3 नवंबर के अंधेरी (पूर्व) उपचुनाव के लिए पार्टी के नाम का उपयोग करने से रोक दिया। चुनाव आयोग ने संबंधित समूहों को आवंटन के लिए तीन अलग-अलग नाम विकल्प और कई प्रतीकों का सुझाव देने के लिए भी कहा।

फडणवीस ने कहा कि ठाकरे गुट जानता था कि चुनाव आयोग के सामने उसका पक्ष कमजोर है। इसलिए, उन्होंने जानबूझकर सुनवाई की तारीखें स्थगित कर दीं। लेकिन, स्थगन का मतलब यह नहीं है कि आप कानून से बच सकते हैं।÷ उन्होंने दावा किया कि शिवसेना (ठाकरे गुट) और कांग्रेस हमेशा रोते हैं या आरोप लगाते हैं कि जब भी कोई निर्णय उनके खिलाफ जाता है,तब केंद्रीय एजेंसियों या स्वतंत्र निकायों पर दबाव डाला जा रहा है। किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि चुनाव आयोग ने अंतरिम आदेश दिया है न कि अंतिम फैसला। फडणवीस ने कहा कि मुलायम सिंह यादव देश के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ थे। उत्तरप्रदेश के विकास और देश की राजनीति में उनकी भूमिक रही है। पुराने समाजवादियों में उनका बड़ा नाम था। हम सबको उनके जाने का बहुत दुख है। भगवान उनके परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दे।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा

## आप ऐसी याचिकाएं दायर ही क्यों करते हैं कि हमें उस पर जुर्माना लगाना पड़े

नई दिल्ली। (एजेंसी)।



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा कि इससे कौन सा मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहा है। पीठ ने कहा, ÷क्या यह अदालत का काम है? आप ऐसी याचिकाएं क्यों दायर करते हैं जिस पर हमें जुर्माना लगाने पर मजबूर होना पड़े। पीठ ने पूछा कि किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया जा रहा है? क्या हमें कानून को हवा में फेंक देना चाहिए क्योंकि आप अदालत में आते हैं।

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में कहा कि गोरक्षा बहुत जरूरी है। पीठ ने वकील को चेतावनी दी कि इस पर जुर्माना लगाया जा सकता है, जिसके बाद याचिका वापस ले ली गई और मामले को खारिज कर दिया गया। शीर्ष अदालत एनजीओ गोवंश सेवा सदन और अन्य द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र को गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने न्यायालय में कहा कि गौ संरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। जस्टिस संजय किशन कौल की पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'सरकार गायों के संरक्षण की बात करती है। भारत सरकार के लिए गायों का संरक्षण बेहद जरूरी है। हमको गाय से सब कुछ मिलता है। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से कहा कि सरकार को इस दिशा में विचार करने के लिए निर्देश जारी करें।

# केजरीवाल का दावा, भाजपा के कार्यकर्ता गुप्त तरीके से कर रहे हैं गुजरात में 'आप' को समर्थन

धर्मपुर (गुजरात)। (एजेंसी)।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेता और कार्यकर्ता उनकी आम आदमी पार्टी ('आप') का गुप्त रूप से समर्थन कर रहे हैं और आगामी विधानसभा चुनावों में अपनी ही पार्टी की हार देखना चाहते हैं। गुजरात के कई शहरों में केजरीवाल को 'हिंदू विरोधी' बताते हुए लगाए गए पोस्टरों पर 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि जिन लोगों ने पोस्टर लगाए हैं वे 'राक्षस और कंस की औलाद हैं।

आदिवासी बहुल वलसाड इलाके में एक रैली में केजरीवाल ने कहा, 'भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता मुझसे गुप्त रूप से मिलते हैं और मुझसे सत्तारूढ़ दल को हराने के लिए कुछ करने को कहते हैं। मैं उन सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं से कहना चाहता हूं जो अपनी पार्टी को हराना चाहते हैं और गुप्त रूप से 'आप' के लिए काम करें।' उन्होंने कहा, 'हमें उनके (भाजपा के) 27 साल के अहंकार को तोड़ना है। मुझे पता है कि आपके व्यवसाय हैं, यदि आप हमारे साथ जुड़ते हैं तो वे आपके व्यवसाय को नुकसान पहुंचाएंगे। आप वहीं रहें, लेकिन पार्टी को हराने के लिए गुप्त रूप से काम करें। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डरने की जरूरत नहीं है, आप अपनी पार्टी छोड़कर 'आप' में शामिल हो सकते हैं। अपनी पार्टी को भूल जाओ।'

गुजरात में इस साल दिसंबर में चुनाव होने हैं। उन्होंने मतदाताओं से आगामी चुनाव में राक्षसों का सफाया करने के लिए 'आप' का समर्थन करने का आह्वान किया। केजरीवाल ने कहा, 'नए गुजरात के लिए सभी को एक होना चाहिए। पार्टी की परवाह मत करो, गुजरात के लिए काम करो, देश के लिए काम करो।' उन्होंने दावा किया कि 'आप' एक नया तूफान, नई राजनीति, नई पार्टी, नए चेहरे, नए विचार और नई सुबह की शुरुआत करेगी।' दिल्ली के मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा, वे घूमते हैं और फुसफुसाते हैं कि केजरीवाल अच्छे तो हैं लेकिन वह इस बार नहीं, अगली बार गुजरात में जीतेंगे।'

अगर कोई आपको ऐसा कहता है, तो जान लें कि वह भाजपा से है, उन्हें बताएं कि केजरीवाल अगली बार नहीं, इस बार जीतेंगे। उन्हें हिंदू विरोधी बताने वाले बैनरों पर, केजरीवाल ने आरोप लगाया, भगवान का अपमान करने वालों को राक्षस कहा जाता है। जो लोग देवताओं का अपमान करते हैं उन्हें कंस की औलाद कहा जाता है। प्राचीन काल में राक्षस क्या करते थे? वे किसी भी गांव में घुसते थे, गुंडागर्दी करते थे, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करते थे और उनका बलात्कार करते थे।' खुद को भगवान हनुमान का भक्त बताते हुए केजरीवाल ने कहा कि उनका जन्म जन्माष्टमी के दिन हुआ था और उनका घर का नाम कृष्ण है।

उन्होंने कहा,'और भगवान कृष्ण ने मुझे आशीर्वाद दिया है और मुझे कंस कीइन औलादों का सफाया करने की विशेष जिम्मेदारी देकर भेजा है। जनता भगवान है। मुझे आपके समर्थन की जरूरत है।'' उन्होंने सवाल किया, 'क्या आप मुझे राक्षसों का सफाया करने के लिए, भगवान द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को पूरा करने में मदद करेंगे?' 'आप' प्रमुख ने कहा, 'हमें जनता की शांति के लिए इन राक्षसों का सफाया करना होगा। हमें उन भ्रष्ट गुंडों को खत्म करना है, जो देवताओं का अपमान करते हैं। महंगाई ने जीवन को मुश्किल बना दिया है। हर चीज की कीमत बढ़ती है लेकिन तनख्वाह नहीं बढ़ती।' केजरीवाल ने वादा किया कि अगर 'आप' गुजरात में सत्ता में आती है, तो वह स्वच्छ प्रशासन प्रदान करेगी और भ्रष्टाचार को खत्म करेगी। उन्होंने गुजरात में मुफ्त बिजली, 15 लाख नौकरियां, बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने सहित अपनी पार्टी के वादों को दोहराया।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# कोरोना विरोधी युद्ध में गुजरात ने देश की बड़ी मदद की, देश के फार्मा एक्सपोर्ट में गुजरात का 25 प्रतिशत हिस्सा है : मोदी

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com & www.epaper.krantisamay.com

भरूच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भरूच ज़िले के आमोद से राज्य के प्रथम बल्क ड्रग पार्क का शिलान्यास सहित ८२०० करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने जंबूसर में लगभग २५०६ करोड़ रुपए के ख़र्च से निर्मित होने वाले राज्य के सर्वप्रथम सुविधायुक्त बल्क ड्रग पार्क का शिलान्यास करने के साथ दहेज में लगभग ५६८ करोड़ रुपए के ख़र्च से निर्मित होने वाले डीप-सी पाइपलाइन प्रोजेक्ट, अंकलेश्वर व पानोली में ३० करोड़ रुपए के ख़र्च से निर्मित होने वाले मल्टी-लेवल औद्योगिक शेड तथा १०० करोड़ रुपए के ख़र्च से अंकलेश्वर एयरपोर्ट फेज़-१ कार्य का भी शिलान्यास कर गुजरात को विकास की एक और भेंट दी। मोदी ने गुजरात सरकार के सार्वजनिक उपक्रम गुजरात आल्कलीज़ एण्ड केमिकल्स (जीएसीएल) का ४१०५ करोड़ रुपए का विभिन्न विस्तारीकरण प्लांट राष्ट्र को समर्पित किए। जीएसीएल के ये विभिन्न प्लांट्स देश की अमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत करने के साथ राष्ट्र को 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में आगे बढ़ने में सहायता करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) के साथ संयुक्तउपक्रम जीएसीएल-नाल्को आल्कलीज़ एण्ड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड (जीएनएएल) भी राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने बनासकाँठा ज़िले के मुडेठा में ७०.८७ करोड़ रुपए के ख़र्च से निर्मित होने वाले एग्रो फूड पार्क, भरूच ज़िले के वालिया, छोटा उदेपुर ज़िले के वनार, दाहोद ज़िले के चाकलिया एवं बनासकाँठा ज़िले के अमीरगढ में १२७.५८ करोड़ रुपए के ख़र्च से निर्मित होने वाले ४ ट्राइबल औद्योगिक पार्क, वलसाड ज़िले के कठवाडी-दाँती में ८९.९८ करोड़ रुपए के ख़र्च से आकार लेने वाले सी-फूड पार्क तथा महीसागर ज़िले




के खांडीवाव में १७६.९४ करोड़ रुपए के ख़र्च से स्थापित होने वाले एमएसएमई पार्क का भूमिपूजन किया। उन्होंने भरूच शहर में ११७.५३ करोड़ रुपए के ख़र्च से निर्मित भूमिगत ड्रैनेज तथा एसटीपी, ४२ करोड़ रुपए के ख़र्च से निर्मित उमला-आसा-पानेठा मार्ग और ३१५ करोड़ रुपए के ख़र्च से आईओसीएल द्वारा निर्मित दहेज-कोयली पाइपलाइन का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने गुजरात तथा देश के विकास में भरूच की महत्वपूर्ण भूमिका विशेष रूप से उल्लेख किया। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि एक समय खारी सींग (सॉल्टेड पीनट्स) के लिए विख्यात भरूच ज़िले ने अब उद्योगों, बंदरगाहों तथा व्यापार-उद्योगों से वैश्विक पहचान प्राप्त की है। नर्मदा तट पर स्थित इस पवित्र भूमि की संतानों कनैयालाल मुनशी, पंडित ओमकारनाथ शास्त्री जैसे महानुभावों ने भरूच के साथ गुजरात को भी गौरव दिलाया है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक गति-प्रगति में सिरमौर रहे भरूच एवं अंकलेश्वर का ट्विन सिटी मॉडल आधारित विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी तीन दिवसीय यात्रा केदौरान लोकार्पित-शिलान्यासित किए गए कार्यों में आवंटित धन पूर्ववर्ती सरकारों के कुल वार्षिक बजट जितना है।उन्होंने कहा कि नरेन्द्र तथा भूपेंद्र; डबल इंजन सरकार के परिणामस्वरूप राज्य में विकास कार्य बड़े पैमाने पर और तीव्र गति से पूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि दो दशक पहले राज्य की पहचान व्यापारी राज्य के रूप में थी। इसके स्थान पर आज गुजरात खेती, उद्योगों, कोस्टल लाइन, बंदरगाहों, समुद्री व्यापार से व्यस्ततम् हुआ है और दो दशकों में गुजरात सर्वांगीण विकास के साथ गुणात्मक परिवर्तन का साक्षी बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के कुल फार्मास्युटिकल उद्योग में गुजरात का २५ प्रतिशत हिस्सा है, जो राज्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। मोदी ने कहा कि दवाई उत्पादन में अग्रसर गुजरात ने कोरोना काल मंत इन दवाइयों-वैक्सीन के माध्यम से देश की बड़ी सेवा की है। उन्होंने इसकी भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वर्ष २०१४ में भारत की अर्थव्यवस्था समग्र विश्व में दसवें क्रम पर थी, जो आज ब्रिटेन को पीछे छोड़ कर पाँचवें क्रम पर आ गई है। भारत पर २५० वर्षों तक शासन करने वाला देश आज पीछे रह गया है। भारत को इतनी सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने का श्रेय देश के छोटे-बड़े सभी उद्यमियों को जाता है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यदि नीति व नीयित; दोनों साफ़ हों, तो उनके आधार पर विकास के सपने साकार करने का वातावरण सुदृढ़ बनता है। प्रधानमंत्री ने बीस वर्ष पूर्व गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में जीवन जीने की विकटता तथा भयावह स्थिति की याद को ताज़ा कराते हुए कहा, "आदिवासी बंधु काली मज़दूरी कर पेट भरते थे। भरूच तो लोगों के पलायन से ख़ाली होने की तैयारी में था। इसमें भी अपराधी बेख़ौफ़ थे। माताओं-बेटियों को रात में निकलने से पहले सोचना पड़ता था। क़ानून-व्यवस्था की ऐसी बुरी स्थिति में गुजरात के आत्मा को छलनी करने के प्रयास होते थे। हमारी सरकार ने अच्छे-अच्छे ख़ैरख़्वाओं को जेल की सलाखें गिनने पर विवश कर दिया है। इस शांति का लाभ सभी लोगों को मिला है। इसी कारण मुझे माताओं का भरपूर आशीर्वाद मिला है।" प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरदार सरोवर प्रोजेक्ट की तरह भरूच के भाडभूत बैराज को अवरुद्ध करने के षड्यंत्र के अर्बन नक्सलियों के अतीत के प्रयास से अवगत गुजरात की समझदार जनता कभी भी सफल नहीं होने दे सकती। कुछ अर्बन नक्सली गुजरात में उड़ान भरते हुए आए हैं और गुजरात के युवाधन को गुमराह करने का हीन प्रयास कर रहे हैं। हमने देश के अनेक राज्यों में नक्सलवाद के दुष्परिणाम देखे हैं, परंतु गुजरात में हम उमरगाम से अंबाजी तक के आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, रोज़गार, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएँ देकर आदिवासी युवाओं को मुख्य धारा में लाने में सफल हो चुके हैं। उन्होंने 'वोकल फ़ॉर लोकल' के मंत्र का अनुकारण कर इस दीपावली पर्व पर स्वदेशी आतिशबाज़ी की ख़रीदारी कर ग़रीब कारीगरों के घरों में उजाला फैलाने और उन्हें बारहों महीने पटाखे की चमक समान विशिष्ट चमक की भेंट देने का आह्वान किया। इससे पहले संबोधन के आरंभ में नरेन्द्र मोदी ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, "उनके निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। उनका आशीर्वाद मेरे लिए अनमोल धरोहर है। घोर राजनीतिक विरोधाभास के बीच भी उनका मेरे प्रति निरंतर स्नेह रहा है।"

# कर्ज चुकाने के लिए अपने ही भाई की ऑफीस से चुराए 24.12 लाख के हीरे, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत,कपड़े के व्यापार में नुकसान होने पर अपना कर्ज चुकाने के लिए एक शख्स ने अपने मौसेरे भाई की ऑफीस में ही हाथ साफ कर दिया7 शख्स ने चचेरे भाई की फैक्ट्री से रु २४.१२ लाख कीमत के हीरों को चोरी की7 सूरत क्राइम ब्रंच ने आरोपी शख्स को गिरफ्तर कर आगे की कार्यवाही शुरूकी है7 घटना सूरत की है7 सूरत के मोटा वराछा क्षेत्र की अमृत रेसिडेन्सी निवासी भौमिक परबत सोजित्रा हीरा कारोबारी है और वराछा के चौक्सी बाजार में ऑफीस है7 दो दिन पहले भौमिक की ऑफीस कोई अज्ञात शख्स चोरी के इरादे से घुसा था7 सीसीटीवी में उसका चेहरा ना दिखे इसके लिए अज्ञात शख्स छाता लेकर आया था7 ऑफीस में घुसने के बाद शख्स ने तिजोरी से रु २४.१२ लाख कीमत के हीरों की चोरी की और वहां से फरार हो गया7 इसकी खबर लगते ही भौमिक सोजित्रा ने तुरंत वराछा पुलिस थाने में अज्ञात शख्स के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी7 जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरूकर दी7 जांच के दौरान सूरत क्राइम ब्रांच ने पूर्व सूचना के आधर पर शहर के कापोद्रा क्षेत्र के रचना सर्कल के निकट से विजय मुकेशभाई धड़ूक दबोच लिया और उसके पास से रु २४.१२ लाख के हीरे भी जब्त कर लिए7 पूछताछ में पता चला कि आरोपी विजय शिकायतकर्ता भौमिक सोजित्रा का मौसेरा भाई है7 चार महीने पहले विजय कपड़े के व्यापार में नुकसान होने से उस पर कर्ज चढ़ गया था7 जिससे अपने मौसेरे भाई भौमिक की फैक्ट्री में हीरे तराशना सीखने लगा7 विजय मौसेरा भाई होने की वजह से भौमिक ने अपनी ऑफीस की एक चाबी उसे दी थी7 विजय को इस बात का पता था कि ऑफीस में लाखों रुपए के हीरे रखे हुए हैं7 कर्ज चुकाने के लिए विजय ने भौमिक की ऑफीस से १२२ कैरेट के रु २४.१२ लाख कीमत के हीरे चुराए होने का पूछताछ में कबूल किया है7

# बारडोली में वेबनील एजुकेशन ट्रस्ट के प्रबंधक मनोज जैन के खिलाफ पुलिस में शिकायत,

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

बारडोली कस्बे में कुछ अवैध रूप से कक्षाओं के खिलाफ कई शिकायतें हैं। स्टेशन रोड स्थित वेबनील नामक एक निजी शैक्षणिक ट्रस्ट के खिलाफ बारडोली पुलिस स्टेशन में छात्रों द्वारा एक याचिका दायर की गई थी। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि यह प्रशासकों द्वारा जबरदस्ती किया जा रहा है। बारडोली नगर में स्टेशन को छात्रवृत्ति मिलने के कारण दिए जाने थे।

तीन माह बाद भी कक्षाओं में प्रशिक्षण नहीं दिए जाने की शिकायत आई। हालांकि छात्रों पर फीस के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। छात्रों द्वारा भुगतान की गई फीस में से केवल एक छोटी राशि बची थी। हालांकि, वेबनिल कक्षाओं के प्रशासक मनोज जैन निडर हो गए और छात्रों को धमकाने और



रोड स्थित एजुकेशन ट्रस्ट के खिलाफ कुछ छात्रों ने बारडोली थाने में धरना दिया. घटना का पता चला है कि बारडोली तालुका के जुनवानी गांव की एक छात्रा ने सोशल मीडिया के माध्यम से वेबनिल शिक्षा में ब्यूटी पार्लर कोर्स के बारे में एक विज्ञापन पढ़ा और कक्षा से संपर्क किया। 21,000/- की फीस कक्षाओं के प्रबंधक मनोज जैन ने बताई। जिसमें से दस हजार पांच सौ रुपये सरकार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। इसलिए निराश छात्रों ने आखिरकार बारडोली कस्बे के थाने में शरण ली। ठग प्रबंधक मनोज जैन के खिलाफ छात्रों ने बारडोली नगर थाने में मोर्चा बनाया। वेबनील के प्रशासक मनोज जैन के विरोध में बारडोली थाने में अर्जी दाखिल की गयी थी. छात्रों ने याचिका के माध्यम से कक्षाओं की फीस की शिकायत करने वाले मनोज जैन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

# जंबुसर में बल्क ड्रग पार्क बनाएगी राज्य सरकार, 450 करोड़ की सहायता देगी : मुख्यमंत्री

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

भरूच,मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि भरूच ज़िले में 2506 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला बल्क ड्रग पार्क 2000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला और विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला औद्योगिक पार्क बनेगा। राज्य सरकार ने इस पार्क के लिए 450 करोड़ रुपए की सहायता देने का निर्णय किया है, जिसके परिणामस्वरूपबल्क ड्रग उद्यमियों को पार्क में बहुत कम दर पर भूमि आवंटित की जाएगी और उन्हें प्रारंभिक पूंजी निवेश में बड़ी राहत मिलेगी।

